राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 117 | मंगलवार, 09 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण नवमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया





## संक्षिप्त समाचार

### नीट यूजीः एनटीए ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा कराने वाली सरकारी संस्था 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' ने एक नया नोटिस जारी किया है। अब छात्र वेबसाइट पर जाकर यह देख सकते हैं कि उनकी परीक्षा किस शहर में होने वाली है। नोटिस के अनुसार नीट की यह दोबारा होने वाली परीक्षा 21 जून 2026 रविवार को होगी।

### कूलर चोरी करने आए थे चोर, लग गई गहरी नींद

**सतना।** खेरमाई रोड स्थित बिहारी ट्रेडर्स में एक एयर कंडीशनर और कूलर के गोदाम में शनिवार रात घुसे चोरों में से एक चोर को गोदाम में चलते हुए कूलर की ठंडी हवा इतनी भायी कि वह गोदाम में आराम करने लगा। इसी बीच कूलर की ठंडी हवा से उसे गहरी नींद लग गई और बाकी साथी चोर अपने काम को अंजाम देकर रवाना हो गए, लेकिन एक चोर गोदाम में ही सोता रह गया। सुबह जब गोदाम खुला तो संचालक बिहारी मगनानी ने उसे अंदर सोते हुए देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। बाद में आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### खाई में गिरने से सेना अधिकारी का बलिदान

**श्रीनगर।** राजौरी जिले में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शनिवार शाम को एक सेना अधिकारी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी एक खड़ी पहाड़ी चोटी से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे उसकी जान चली गई। लेफ्टिनेंट पद पर तैनात यह अधिकारी ऑपरेशन शेरावली में लगे सैनिकों का हिस्सा थे।

### वारा□सी में मांस-मछली विक्रय प्रतिबंधित किया

**वाराणसी।** काशी नगर निगम ने खुली मीट, मुर्गा और मछली की दुकानों को अब शहरी सीमा से बाहर करने का निर्णय लिया है। शहर की सीमा के करीब रामनगर, सूजाबाद, गणेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर क्षेत्र में दुकानों को शिफ्ट किया जाएगा। महापौर अशोक कुमार तिवारी की इस निर्णय की जानकारी दी।

### 600 बोरियों में गेहूं की जगह निकली मिट्टी

**सागर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर किए जा रहे पारदर्शिता और सख्ती के दावों के बीच घोटाला हो गया। प्रदेश के सागर जिले के गंभीरिया स्थित लक्ष्मी नगर के श्री देव प्रभा वेयरहाउस में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने पूरे प्रशासनिक अमले को हिलाकर रख दिया है। यहां समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं के नाम पर मिट्टी से भरी बोरियां भंडारण के लिए भेजी गई थीं। शुरूआती जांच में करीब 600 बोरियों में बड़े स्तर पर यह मिलावट और फजीर्वाड़ा पकड़ा गया है।

---

### विपक्षी गठबंधन की बैठक में नीट, चुनावी पारदर्शिता, महंगाई और बेरोजगारी पर केंद्र सरकार को घेरा

# खड़गे ने की शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

- » मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखने का फैसला
- » मतदाता सूची को लेकर उठाए गंभीर सवाल
- » दो वर्ष बाद एक मंच पर दिखा विपक्ष







■ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में सोमवार को विपक्षी दलों के गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें देशभर के 25 राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया। करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में शिक्षा व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता, महंगाई, बेरोजगारी और लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं और उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। खड़गे ने यह भी आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय और चुनावों की निष्पक्षता को लेकर विपक्षी गठबंधन देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गठबंधन अब नियमित अंतराल पर बैठकें करेगा और आगामी बैठक अगस्त माह में हैदराबाद में आयोजित होगी। विपक्षी गठबंधन की यह बैठक कई मायनों में महत्वपूर्ण रही क्योंकि लगभग दो वर्षों के बाद गठबंधन के सभी प्रमुख नेता एक मंच पर दिखाई दिए। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती समेत अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हुए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। नेताओं की मौजूदगी ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि तमाम राजनीतिक मतभेदों के बावजूद विपक्षी दल राष्ट्रीय मुद्दों पर एकजुट होकर सरकार का सामना करना चाहते हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री से तत्काल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की और कहा कि देश के युवाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था मिलनी चाहिए। बैठक में चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा हुई। खड़गे ने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मताधिकार है और यदि बड़ी संख्या में नागरिकों के नाम सूची से हटाए जाते हैं तो यह चिंता का विषय है।

#### नीट और शिक्षा व्यवस्था पर सरकार को घेरा

बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़ी गड़बड़ियों ने लाखों छात्रों और उनके परिवारों को प्रभावित किया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही खामियों और अनियमितताओं के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि जब देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, तब सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती।

---

## 7 मेजर अभिलाषा 'यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट अवॉर्ड' से सम्मानित

■ नई दिल्ली



मेजर अभिलाषा बराक को 'संयुक्त राष्ट्र के 2005 मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शांति मिशन में महिलाओं को भूमिका और उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए दिया गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पुरस्कार देते हुए कहा कि मेजर बराक उन लोगों के लिए, एक आदर्श हैं जिनकी आप सेवा करती है और जिनके साथ आप काम करती है।' मेजर अभिलाषा क्राक भारत की पहली महिला कॉम्बैट हेलिकॉप्टर पायलट हैं। प्रधानमंत्री ने दी बधाईः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मेजर अभिलाषा बराक को 'संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर बधाई दी और उनकी 'उत्कृष्ट सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय युवाओं, खासकर उन लड़कियों के लिए प्रेरणा है जो समाज और देश की सेवा करना चाहती हैं। 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए मोदी ने लिखा, 'मेजर अभिलाषा बराक को 'संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री वेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर बधाई। मेजर बराक ने हजारों की जिंदगी बदलीः संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव लिसा करोनहेम ने कहा कि मेजर बराक के नेतृत्व और नए तरीकों ने सैन्य अभियानों में महिलाओं, शांति और सुरक्षा से जुड़े काम को आगे बढ़ाया है। मेजर बराक के काम के बारे में गुटेरेस ने कहा कि स्थानीय समुदायों के साथ भरोसा बनाकर उन्होंने शुरूआती अलामिंग नेटवर्क बनाने में मदद की, जिससे नागरिकों की सुरक्षा मजबूत हुई।

#### सपनों का कोई जेंडर नहीं होता

लेबनान में तैनात मेजर बराक ने कहा, 'सपनों का कोई जेंडर नहीं होता, और न ही नेतृत्व, साहस या मानवता की सेवा करने की इच्छाशक्ति का कोई जेंडर होता है।' लेबनान अभी यूएन का सबसे खतरनाक शांति-स्थापना वाला इलाका है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पुरस्कार इस बात की याद दिलाता है कि स्थायी शांति तभी बन सकती है जब हर आवाज सुनी जाए और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका मिले। मेजर बराक ने कहा, 'भारतीय सेना की पहली महिला कॉम्बैट हेलिकॉप्टर पायलट होने के नाते मैंने खुद अनुभव किया कि जब अवसर मिलता है तो महिलाएं कैसे हर बाधा को पार कर सकती है और बड़े मुकाम हासिल कर सकती हैं।

---

## भारत-इंडोनेशिया संबंधों को मिली नई गति, रक्षा, व्यापार और खाद्य सुरक्षा में बढ़ेगा सहयोग

- » नई दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय वार्ता
- » रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर विशेष जोर



■ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नई दिल्ली में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दोनों देशों ने रक्षा, समुद्री व्यापार, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, फार्मास्यूटिकल्स और निवेश जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो के बीच हुई इस बैठक को दोनों देशों के संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वार्ता के बाद भारत और इंडोनेशिया के बीच आर्थिक, सामरिक और रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा मिलेगी। रविवार को नई दिल्ली में भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त आयोग की आठवीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की मेजबानी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने की, जबकि इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इसमें शामिल हुए। बैठक के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापारिक और रणनीतिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए भारत और इंडोनेशिया की साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में रक्षा और सुरक्षा सहयोग प्रमुख विषयों में शामिल रहा। दोनों देशों ने क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों और समुद्री सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। भारत और इंडोनेशिया हिंद महासागर क्षेत्र में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। ऐसे में समुद्री मार्गों की सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और रक्षा क्षेत्र में तकनीकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमति बनी। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ता रक्षा सहयोग दोनों देशों की सामरिक क्षमता को मजबूत करेगा और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में मददगार साबित होगा।

#### समुद्री व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

बैठक में समुद्री व्यापार और आर्थिक सहयोग को लेकर भी कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और इंडोनेशिया दोनों ही समुद्री व्यापार के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण देश हैं और वैश्विक व्यापार मार्गों में उनकी अहम भूमिका है। दोनों पक्षों ने व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने तथा निवेश के नए अवसरों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। भारत इंडोनेशिया को एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार के रूप में देखता है, जबकि इंडोनेशिया भारत के विशाल बाजार और निवेश संभावनाओं को अपने विकास के लिए महत्वपूर्ण मानता है।

---

## यूपी के कई जिलों में पारा 40 डिग्री के पार



#### 11 जून से तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग ने लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा और मथुरा समेत अन्य जिलों में तापमान में बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया है। यूपी में अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है। इसके बाद 11 जून से तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने 11 से 13 जून के दौरान पूरे प्रदेश में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का अनुमान लगाया है।

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के लोगों को इस हफ्ते गर्मी का सितम झेलना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के 16 जिलों में रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अगले कुछ दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में 9 जून से लेकर 11 जून तक लू का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में रविवार को भीषण गर्मी देखने को मिली। इसके साथ ही रविवार को बांदा, झांसी, प्रयागराज, फरुर्खाबाद और कानुपर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। बांदा में रविवार को सबसे ज्यादा तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, झांसी में 43.2 डिग्री, प्रयागराज में 42.8 डिग्री, कानपुर में 42.4 डिग्री और फरुर्खाबाद में 42.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और तापमान का बढ़ना लगातार जारी रहेगा। मौसम विभाग ने 8 जून के लिए पूरे प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। लेकिन अगले कुछ दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है।

---

## अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए

■ वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फॉरेन मिनिस्ट्री का कहना है, अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है। दूसरी तरफ सेंट्रल इजराइल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार, इनमें एक की हालत गंभीर है।

ट्रम्प बोले- हिजबुल्लाह पर और सटीक हमले होने चाहिएः ट्रम्प ने कहा है कि लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ और ज्यादा सटीक हमले किए जाने चाहिए। एनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि वह चाहते हैं कि लेबनान के लोगों का जीवन बेहतर हो। उनके मुताबिक, हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई व्यापक हमलों की बजाय ज्यादा सटीक तरीके से की जानी चाहिए। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब हाल के महीनों में लेबनान में संघर्ष और हमले लगातार जारी हैं।

---

# ग्रामीण की हत्या में सात दोषियों को आजीवन कारावास

## जिला जज की कोर्ट ने सभी पर लगाया 88-88 हजार का जुर्माना

■ जागरण मोर्चा कार्यालय



धर्मपाल | पूरन | राजा उर्फ सुर्जन | यशपाल | पूरन | पुष्पेन्द्र | कुलदीप

**रामपुर।** सोमवार को जिला जज की कोर्ट ने हत्या और जानलेवा हमले के मामले में सात दोषियों को पिता पुत्र सहित सात दोषियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 88-88 हजार का जुर्माना ठोका है। मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव हरजीपुर से जुड़ा है। यहां के रहने वाले रमेश बाबू ने गांव में ही एक प्लाट खरीदा था। जिसको लेकर दूसरे पक्ष के पूरन, धर्मपाल, पुष्पेंद्र, कुलदीप, राजा उर्फ सुरजन ,सुनील, यशपाल से विवाद चला आ रहा था। उसी के चलते आरोपियों ने रास्ते में रोककर रमेश बाबू पर हमला करके घायल कर दिया था। बीच बचाव कराने आए रमेश बाबू के रिश्तेदारों को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया था। जिसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रमेश बाबू की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे अर्जुन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना के बाद 4 सितंबर 2022 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसमें सोमवार को जिला जज भानु देव शर्मा ने सात आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रत्येक दोषी पर 88-88 हजार का जुर्माना ठोका गया है।

---

### भारत में घटती जन्म दर पर एलन मस्क ने जताई चिंता

# प्रजनन दर से नीचे पहुंचा आंकड़ा डाल सकता है देश में बड़ा प्रभाव

■ न्यूयार्क

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भारत की घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि भारत की जन्म दर अब प्रजनन दर से नीचे पहुंच चुकी है, जो लंबे समय में जनसंख्या संरचना पर बड़ा प्रभाव डाल सकती है। एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत की जन्म दर कई साल पहले ही शिक्षित वर्ग में प्रजनन दर से नीचे आ चुकी है। मस्क ने जिस डेटा का हवाला दिया, उसमें कहा गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर लगभग 1.9 पर आ गई है, जबकि प्रजनन दर 2.1 माना जाता है।

#### बड़े शहरों में और तेज गिरावट

दिल्ली में प्रजनन दर घटकर करीब 1.2 तक पहुंच गई है, जो कई विकसित देशों से भी कम मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में शिक्षा, जीवनशैली और आर्थिक कारणों से परिवार का आकार लगातार छोटा हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की स्टेट ऑफ विश्व जनसंख्या रिपोर्ट 2025 में भी बताया गया है कि भारत की प्रजनन दर 2.1 से नीचे गिरकर 1.9 पर आ चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है, लेकिन इसके बावजूद जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार धीरे-धीरे कम हो रही है।

---

### बुखार हो या कोरोना, ये वैक्सीन सभी पर असरदार होगी

# कैम्ब्रिज विवि के वैज्ञानिकों ने एआई की मदद से बनाई यूनिवर्सल वैक्सीन

■ नई दिल्ली

साल 2020-23 तक कोरोना महामारी हो या फिर मौजूदा समय में नया खतरा बनकर उभर रहा इबोला वायरस, ये सभी स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का कारण रहे हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से एक ऐसी यूनिवर्सल वैक्सीन तैयार कर ली है, जो बुखार हो या कोरोना या फिर चमगादड़ों से भविष्य में फैलने वाली कोई भी वायरल बीमारी, इन सबके खिलाफ सुरक्षा दे सकती है।

**भविष्य की महामारी से बचाने वाला सुपर-एंटीजनः** यूनिवर्सल वैक्सीन को सरबेकोवायरस (कोरोना वायरस परिवार) पर टेस्ट किया गया है। अब तक वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया हमेशा मौजूदा वायरस स्ट्रेन्स पर आधारित होती थी, यानी वैज्ञानिक तब टीके बनाने पर काम शुरू करते थे, जब वायरस पहले ही फैल चुका होता था। लेकिन इस नई तकनीक में कहानी बदलती नजर आ रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि एआई द्वारा बनाए गए इस सुपर-एंटीजन की मदद से शरीर के प्रतिरोधक क्षमता को इस तरह प्रशिक्षित किया जा सकता है कि वह सिर्फ मौजूदा नहीं, बल्कि भविष्य में आने वाले संभावित संक्रमण को न सिर्फ पहचान सके बल्कि पहले से ही शरीर में एक ढाल तैयार कर लोगों को सुरक्षा दे सके।

#### बदल जाए वायरस का स्ट्रेन, फिर भी चिंता नहीं



ये इतिहास में पहली बार है जब वैज्ञानिकों की टीम ने एआई का इस्तेमाल करके एक 'सुपर-एंटीजन' तैयार किया है, जो कई तरह के वायरस से लंबे समय तक सुरक्षा दे सकता है, भले ही वे वायरस का स्ट्रेन क्यों न बदल जाए। अब तक के टीके सीमित सुरक्षा देते हैं और उन्हें समय-समय पर अपडेट और बूस्टर के रूप में दोबारा लगाना पड़ता है। लेकिन यह नई तकनीक वायरस के बदलने से पहले ही सुरक्षा दे सकती है, जिससे महामारी फैलाने वाले नए स्ट्रेन्स को शुरुआत में ही रोका जा सकता है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के वेटेरिनरी मेडिसिन डिपार्टमेंट की 'लैब ऑफ वायरल जूनोटिक्स' के मुख्य शोधकर्ता प्रोफेसर जोनाथन हीनी कहते हैं कि हमने वैक्सीन बनाने के तरीके को भविष्य के लिए सुरक्षित करने का प्रयास किया है।

#### प्रयोग में क्या पता चला?

जर्नल ऑफ इन्फेक्शन में इस क्रांतिकारी नई वैक्सीन के पहले इंसानों पर प्रयोग के नतीजे भी प्रकाशित किए गए हैं। ये उम्मीद जगाते हैं कि ये वैक्सीन सुरक्षित है, शरीर पर इसका असर अच्छा है और इसके दुष्प्रभाव भी बहुत कम हैं। हालांकि प्रयोग का सैंपल साइज अभी काफी छोटा है। इस परीक्षण में 18-50 की उम्र के 39 लोगों को एक यूनिवर्सल सारबेको कोरोनावायरस वैक्सीन दी गई, जो सार्स-सीओवी-2, सार्स और कई संबंधित चमगादड़ों से फैलने वाले वायरस को कवर करती है। अध्ययन में पाया गया कि इस वैक्सीन से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ने न केवल सार्स-सीओवी-2 और सार्स के खिलाफ प्रतिक्रिया दी, बल्कि उन बैट वायरसों के खिलाफ भी प्रतिक्रिया दी जो भविष्य में जानवरों से इंसानों में आ सकते हैं।



# बरेली पुलिस ने दो दिन में 821 वाहनों का चालान, 62 लाख का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सड़क पर फर्राटा भरने वाले लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ बरेली पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए दो दिन में 821 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है। नशे में वाहन चलाने वालों से लेकर प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर, हूटर और बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर पुलिस ने कड़ा शिकंजा कसा। कार्रवाई के दौरान 62.34 लाख रुपये से अधिक का चालान किया गया। यातायात निदेशालय के निर्देश पर एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान के निर्देशन में 6 और 7 जून को विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। फतेहगंज पश्चिमी के ठिरिया खेतल, बहेड़ी के मुड़िया, भोजीपुरा के दोहना, हाफिजगंज के लभेड़ा और फरीदपुर टोल प्लाजा पर रात 8 बजे से 11 बजे तक संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में यातायात पुलिस, स्थानीय थाना पुलिस, इंटरसेप्टर वाहन और परिवहन विभाग की टीमों को लगाया गया। दो दिनों के अभियान में कुल 8,279 वाहनों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच के दौरान 126 चालक नशे की हालत में वाहन चलाते मिले। इसके अलावा 307 वाहनों में प्रेशर हॉर्न, 9 में मॉडिफाइड साइलेंसर और 379 वाहनों में फाल्टी नंबर प्लेट या बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट पाई गई। सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### 8279 वाहनों की जांच, नशेबाज चालकों पर सबसे बड़ी मार



दो दिनों के अभियान में कुल 8,279 वाहनों के चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच के दौरान 126 चालक नशे की हालत में वाहन चलाते मिले। इसके अलावा 307 वाहनों में प्रेशर हॉर्न, 9 में मॉडिफाइड साइलेंसर और 379 वाहनों में फाल्टी नंबर प्लेट या बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट पाई गई। सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम भी चलाया। परिवार के साथ सफर कर रहे यात्रियों से संवाद स्थापित किया गया, उनका हालचाल जाना गया और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराई गई। इससे पुलिस की जनसहभागिता और यातायात जागरूकता अभियान को भी मजबूती मिली। एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान ने आमजन से अपील की है कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं, प्रेशर हॉर्न, हूटर और अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल न करें। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### सिर्फ चालान नहीं, यात्रियों से भी किया संवाद

अभियान के दौरान पुलिस ने मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम भी चलाया। परिवार के साथ सफर कर रहे यात्रियों से संवाद स्थापित किया गया, उनका हालचाल जाना गया और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराई गई। इससे पुलिस की जनसहभागिता और यातायात जागरूकता अभियान को भी मजबूती मिली। एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान ने आमजन से अपील की है कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं, प्रेशर हॉर्न, हूटर और अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर का इस्तेमाल न करें। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## सार संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत, बैग में मिली प्रेमानंद महाराज की तस्वीर

**बदायूं।** जिले में सोमवार सुबह दो अलग-अलग हादसों ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। एक ओर चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, तो दूसरी ओर खाद से लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईवे पर पलटने से चालक ने दम तोड़ दिया। दोनों घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बिनावर थाना क्षेत्र के उझौली गांव के पास बरेली-कासगंज रेलवे ट्रैक पर सोमवार सुबह एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गिरधरपुर निवासी हरिओम श्रीवास्तव (20) के रूप में हुई। पुलिस को उसके बैग से मथुरा से घटपुरी तक का रेलवे टिकट और संत प्रेमानंद महाराज का फोटो भी मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हरिओम मथुरा से अपने गांव लौट रहा था। उझौली गांव के पास ट्रेन की रफ्तार कम होने पर उसने उतरने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। हरिओम पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी और माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।दूसरा हादसा अलापुर थाना क्षेत्र में बदायूं-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। संभल जिले के चंदौसी निवासी तालिब पुत्र अशरफ खाद से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर म्याऊं की ओर जा रहा था। अभियासा गांव के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में चालक तालिब गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। सोमवार सुबह हुए इन दोनों हादसों ने दो परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। पुलिस दोनों मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर रही है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### झोपड़ी में सो रहे मजदूरों पर चढ़ी कार, पांच घायल



**बरेली।** जिले में देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़गंज गांव में तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार सड़क किनारे बनी एक अस्थायी झोपड़ी को तोड़ते हुए उसके अंदर सो रहे पांच मजदूरों पर चढ़ गई। हादसे में सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल मजदूर भमोरा थाना क्षेत्र के फिरोजपुर और किलोरा गांवों के निवासी हैं। ये सभी मजदूर इन दिनों बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के गोटिया इलाके में चल रहे आरसीसी रोड निर्माण कार्य में लगे थे। दिनभर मेहनत करने के बाद रात में सभी मजदूर बिथरी चैनपुर के पहाड़गंज गांव में सड़क से नीचे बनी अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। रात करीब एक बजे अचानक सड़क से गुजर रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सीधे झोपड़ी में घुस गई। कार की चपेट में आकर झोपड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अंदर सो रहे मजदूर दब गए। इस हादसे में घायल मजदूरों की पहचान नन्हे पाल (45) पुत्र दिलखुश, जयपाल (33) पुत्र भवानी, उमेश (35) पुत्र नरेश पाल, ठेकेदार श्रीराम (40) पुत्र देशराज निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना भमोरा तथा अमर सिंह (35) पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम किलोरा थाना भमोरा के रूप में हुई है। हादसे के बाद मजदूरों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर कार समेत फरार हो चुका था। सूचना पर पहुंची थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अज्ञात कार और उसके चालक की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

# मलिन बस्ती में सांसद, विधायक, मेयर के साथ डीएम लगाने लगे झाड़ू, दिया ये संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को नौमहला वार्ड की मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सांसद, मेयर, विधायक और डीएम सड़क पर झाड़ू लेकर उतरे और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं इस दौरान सरकार आपके द्वार अभियान में जनसुनवाई और जनकल्याणकारी योजनाओं के शिविर लगाए गए। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं, और कई का मौके पर निस्तारण किया गया।

नगर निगम की ओर से आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, नालियों और आसपास के क्षेत्रों की व्यापक सफाई कराई गई। साथ ही नागरिकों को प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण और उसके वैज्ञानिक निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देना और मलिन बस्तियों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के तहत आयोजित सरकार आपके द्वार जनसमस्या समाधान शिविर में पेंशन, विद्युत, पूर्ति, स्वास्थ्य, स्वच्छता समेत विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और अनेक मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई।

विशेष स्वच्छता अभियान के दौरान सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नौमहला मलिन बस्ती की सड़कों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद सभी ने स्वच्छता ही सेवा की शपथ भी ली। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि सरकार अब पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए स्वयं उनके द्वार तक पहुंच रही है। लोगों से शिविर में आकर अपनी समस्याएं दर्ज कराने की अपील करते हुए अधिकारियों को गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का माध्यम है। यदि शहर स्वच्छ रहेगा तो नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने लोगों से घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

### क्लीन बरेली-हेल्थी बरेली बने जन आंदोलन



डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मलिन बस्ती के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को क्लीन बरेली-हेल्थी बरेली की भावना के साथ आगे आना होगा। सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने शिविर और स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी पहल बताया। इस अवसर पर नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, पार्षदगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बरेली में गौकशी से पहले बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़

- एक गिरफ्तार, पैर में लगी गोली, सिपाही भी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भोजीपुरा क्षेत्र में गौकशी की साजिश रच रहे बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। बदमाशों की फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हुआ है। मौके से अवैध तमंचा, कारतूस और गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

थाना भोजीपुरा पुलिस रविवार देर रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पचौरी पेट्रोल पंप के सामने स्थित सरकारी नलकूप के पास दो संदिग्ध युवक गौवंशीय पशु के वध की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दोनों को पकड़ने का प्रयास किया करीब 1:50 बजे जैसे ही पुलिस टीम बदमाशों के नजदीक पहुंची, दोनों ने खुद को घिरता देख पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में आरक्षी सुमित कुमार के बाएं हाथ में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही गिर पड़ा। उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम कल्लू उर्फ कलुवा पुत्र इब्राहीम निवासी ग्राम भूड़ा, थाना भोजीपुरा बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस तथा गौकशी के उपकरण, जिनमें छुरी और कुल्हाड़ी शामिल हैं, बरामद किए गए।

### हत्या के प्रयास से गैंगस्टर तक के मुकदमे

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कल्लू उर्फ कलुवा गौकशी का अभ्यस्त अपराधी है। उसके खिलाफ बरेली के विभिन्न थानों में गौकशी, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 14 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस उसे लंबे समय से तलाश रही थी। मुठभेड़ में घायल कल्लू और घायल आरक्षी सुमित कुमार को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ऐतिहासिक ताज़िया मेला को लेकर पीस कमेटी की बैठक में शामिल हुए अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय

**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा अमीरनगर में लगने वाला ऐतिहासिक मोहर्रम (ताज़िया) मेला को लेकर करीब एक सप्ताह से पुलिस और ताजियेदारों के मध्य क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं मुस्लिम धर्म गुरु एवं मौलाना भाइयों ग्राम प्रधानों के मध्य लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। लेकिन अभी पुलिस प्रशासन और ताजियेदारों के बीच ताजियों की ऊँचाई के लेकर आम सहमत नहीं बन पाई है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अमीर नगर कस्बे के एतिहासिक ताजिया मेला को लेकर पीस कमेटी की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। और सुरक्षा मानकों को लेकर विषय ख्याल रखने की अपील की गई। और ताजिया ऊंचाई को लेकर ताजियादारों ने असहमति जताई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।




# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## 19 केंद्रों पर उमड़े हजारों अभ्यर्थी, प्रशासन की कड़ी निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा सोमवार से जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। परीक्षा के लिए बनाए गए 19 केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। हर पाली में 8,736 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, जिससे तीन दिनों तक जिले में परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से काफी पहले केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। पहली पाली के लिए सुबह 8 बजे और दूसरी पाली के लिए दोपहर 1 बजे तक रिपोर्टिंग अनिवार्य की गई है। वहीं परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया सुबह 7:15 बजे से शुरू कर दी गई।परीक्षा की निगरानी के लिए जिले के सभी 19 केंद्रों को पांच जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा बाहरी केंद्र व्यवस्थापकों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो परीक्षा व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पांच स्टेटिक मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गए हैं।

### मोबाइल, स्मार्ट वॉच आदि उपकरणों पर प्रतिबंध

परीक्षार्थियों को केवल पारदर्शी पानी की बोतल, पेन और वैध पहचान पत्र ले जाने की अनुमति दी गई है। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। हाल ही में टीजीटी परीक्षा के दौरान साल्वर पकड़े जाने की घटना को देखते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था और भी सख्त कर दी गई है। प्रशासन का दावा है कि परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

# मौलाना तौसीफ रजा की मौत का खुलासा

## पंकज ने चलती ट्रेन से दिया था धक्का, इनामी आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उर्स-ए-ताजुश्शरिया में शामिल होकर घर लौट रहे मौलाना तौसीफ रजा की मौत के मामले में जीआरपी ने बड़ा खुलासा किया है। करीब डेढ़ माह तक चली जांच के बाद पुलिस ने 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी पंकज राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी का दावा है कि आरोपी ने पूछताछ में मौलाना के साथ ट्रेन में हुए विवाद के बाद उन्हें चलती ट्रेन से धक्का देने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब मामले को हत्या से गैर इरादतन हत्या की धाराओं में तरमीम करने की तैयारी कर रही है।

एसएसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पंकज राजपूत मुरादाबाद के मोहल्ला कानून गोयान का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जीआरपी ने सर्विलांस, मुखबिर की सूचना और ट्रेन में मौजूद यात्रियों से मिले इनपुट के आधार पर आरोपी की पहचान की। उसे बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर चेकिंग के दौरान दबोच लिया गया। मामले की तह तक पहुंचने के लिए जीआरपी ने ट्रेन के कोच संख्या 8, 9 और 10 में सफर कर रहे 200 से अधिक यात्रियों से पूछताछ की। इसके अलावा बरेली जंक्शन समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। बिहार के किशनगंज निवासी मौलाना तौसीफ रजा 27 अप्रैल को 04314 योगनगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन से घर लौट रहे थे। उसी दिन सुबह करीब सात बजे उनका शव कैंट थाना क्षेत्र में पालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था।

### पत्नी ने लगाया था पीटकर फेंकने का आरोप

घटना के बाद चार मई को मौलाना की पत्नी तबस्सुम बरेली पहुंचीं और अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। उनका आरोप था कि ट्रेन में कुछ लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की और बाद में उन्हें ट्रेन से नीचे फेंक दिया। उन्होंने यह भी बताया था कि घटना से पहले मौलाना ने फोन कर ट्रेन में कुछ लोगों से विवाद होने की जानकारी दी थी।

सख्ती — NBW के बावजूद छिपे अभियुक्तों पर कसा शिकंजा, बारादरी थाना रहा अव्वल, कमजोर प्रदर्शन पर SSP की चेतावनी

# बरेली पुलिस ने चार दिन में 301 फरार वारंटी दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में बरेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अनुराग आर्य के निर्देशन में 2 जुलाई से 6 जुलाई तक चले चार दिवसीय अभियान के दौरान न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी होने के बावजूद गिरफ्तारी से बच रहे 301 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ चलाए गए इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने दिन और रात लगातार दबिश दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि न्यायालय के आदेशों के प्रभावी अनुपालन और कानून के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में भी अहम कदम साबित हुआ। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी की गई।

अभियान के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बारादरी थाना क्षेत्र का रहा, जहां 41 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद नवाबगंज थाना क्षेत्र से 24 और आंवला से 22 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं समीक्षा के दौरान प्रेमनगर, शेरगढ़, भमोरा और सिरौली थाना क्षेत्रों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया। इस पर एसएसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को चेतावनी जारी करते हुए साफ कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि कानून से बचने का हर प्रयास अस्थायी हो सकता है, लेकिन कानून की पहुंच स्थायी और प्रभावी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि न्यायालय की प्रक्रिया से बचने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। चार दिनों में 301 वारंटियों की गिरफ्तारी को बरेली पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे न केवल कानून का पालन सख्त हुआ है, बल्कि अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा है।

# कबूतरखाने में लगी आग दर्जनों बेजुबान जिंदा जले

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र की घनी आबादी वाले कुतुबशाह की जियारत इलाके में सोमवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक मकान की छत पर बने कबूतरखाने में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे दड़बे को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें बंद कई दर्जन कबूतर जिंदा जल गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। जियारत के पास रहने वाले उवैश के मकान की ऊपरी मंजिल पर कबूतरों के लिए दड़बा बनाया गया था। सोमवार सुबह अचानक उसमें आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और कुछ ही देर में पूरा कबूतरखाना धू-धू कर जलने लगा। अंदर फंसे कबूतर बाहर निकलने का मौका नहीं पा सके और कई पक्षियों की मौके पर ही मौत हो गई। आग लगते ही आसपास के लोगों ने बाल्टियों और पाइप की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। मकान मालिक और मोहल्ले के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग नहीं बुझती तो आसपास के मकानों तक भी आग फैल सकती थी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242

# बुआ के घर आए युवक का खेत में मिला संदिग्ध हालत में शव

## स्वार थाना क्षेत्र का मामला,परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धनोरी में सोमवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। युवक अपनी बुआ के घर आया हुआ था। शव खेत के किनारे पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, मसवासी क्षेत्र के गांव ज्वालापुर निवासी 18 वर्षीय प्रियांशु पुत्र


मृतक का फाइल फोटो।

नरेश पिछले कुछ दिनों से अपनी बुआ चंद्रकला के घर गांव धनोरी में रह रहा था। परिजनों के मुताबिक रविवार रात वह परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर में सो गया था। सोमवार तड़के जब परिवार के लोग जागे तो वह अपनी चारपाई पर नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की ।काफी खोजबीन के बाद गांव के जंगल क्षेत्र में एक खेत के किनारे उसका शव पड़ा मिला। युवक का शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।परिजनों का कहना है कि मृतक के कपड़े फटे हुए थे तथा शरीर पर चोट के निशान भी दिखाई दे रहे थे। ऐसे में उन्होंने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। ग्रामीणों ने भी मामले की निष्पक्ष जांच कर घटना का खुलासा करने की मांग की है ।सूचना पर पहुंची स्वार कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।कोतवाल अनुपम शर्मा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## सीएनडीएस घोटाले में पूर्व पालिकाध्यक्ष की कोर्ट में पेशी



**रामपुर।** सीएनडीएस घोटाला और बिना अनुमति के धरना देने में मामले में पूर्व पालिकाध्यक्ष न्यायालय में हाजिर हुए। न्यायालय ने मुकदमों की सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तारीख नियत की है। सोमवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां स्पेशल एमपी-एमएलए न्यायालय पहुंचे। जहां उन पर दर्ज दो मुकदमों की सुनवाई हुई। एक मुकदमा वर्ष 2019 में बिना अनुमति के धरना देने, जबकि दूसरा सीएनडीएस घोटाले में सुनवाई थी। इस मामले में पूर्व पालिकाध्यक्ष 30 मई को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद बिजनौर जेल से रिहा होकर आए है। जमानत मिलने के बाद सोमवार को इस मुकदमें में पहली बार न्यायालय आए। जहां न्यायालय ने दोनों मुकदमों में सुनवाई के लिए 3 जुलाई की तारीख नियत की है।

## एक नजर

### सबील लगाकर चालक और राहगीरों को पिलाया शर्बत

**रामपुर।** अल असर एजूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी सबील लगाकर चालक और राहगीरों को शर्बत पिलाया। सोमवार को रोडवेज बस अड्डे पर सबील लगाई गई। रिक्शा चालकों का कहना है कि तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण काम करना मुश्किल हो गया है। जहां कहीं भी पानी या शरबत का कैंप दिखाई देता है, वहां रुककर वे खुद को तरोताजा करने का प्रयास करते हैं। बताया कि गर्मी की वजह से यात्रियों की संख्या में भी कमी आई है, जिससे उनकी आमदनी प्रभावित हो रही है। गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही है। पूरे दिन धूप में रिक्शा चलाना मुश्किल हो गया है। पानी और शरबत के कैंप से थोड़ी राहत मिल जाती है, लेकिन गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।

### वृद्धाश्रम में महिला संगठन ने बिताया समय

**रामपुर।** महिला संगठन की महिलाओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में एक वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। इस दौरान महिलाओं ने वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत किया, उनकी समस्याएं सुनीं तथा उनके सुख-दुख में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन-कीर्तन भी किया गया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर इडली, समोसा एवं आइसक्रीम का आनंद लिया। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि जिस घर में माता-पिता प्रसन्न रहते हैं, उस घर में भगवान का वास होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों का सदैव सम्मान करना चाहिए, क्योंकि उनका आशीर्वाद जीवन में सफलता और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने सभी से अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों की सेवा करने तथा उनकी बातों का सम्मान करने का आह्वान किया।

# शाहबाद रोड पर डीएम की गाड़ी जाम में फंसी


शाहबाद रोड लगे जाम में फंसे डीएम का वाहन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान सोमवार सुबह रामपुर-शाहाबाद रोड पर रेवड़ी चौराहे के पास लंबा जाम लग गया। इस जाम में जिलाधिकारी का वाहन भी फंस गया। दरअसल जनपद में परीक्षा चल रही थी। रविवार रात एक डंपर सड़क किनारे पलट गया था। सोमवार सुबह दो जेसीबी मशीनों की मदद से डंपर को हटाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसके कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान निरीक्षण कर लौट रहे जिलाधिकारी को भी इस जाम का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने डंपर मालिक को निर्देश दिए कि परीक्षा समाप्त होने तक डंपर हटाने का काम रोक दिया जाए। डंपर को रात 8 बजे के बाद ही हटाने को कहा गया, ताकि यातायात और परीक्षा व्यवस्था बाधित न हो। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारु किया।

## दस लोगों के खोए मोबाइल बरामद

**मिलक।** पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्र के सौ से अधिक और कोतवाली क्षेत्र में खोए हुए 10 मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए। साइबर क्राइम प्रभारी नरेश कुमार ने ट्रैकिंग के जरिए फोन ढूंढकर सभी पीड़ितों को बुलाकर उनके मोबाइल वापस सौंप दिए।

अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। कई लोग खुशी से झूम उठे और पुलिस का धन्यवाद किया। नागरिकों ने रामपुर साइबर क्राइम पुलिस टीम की कार्य कुशलता और तत्परता की सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार जताया ।साइबर क्राइम सेल की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने टीम को 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। एसपी ने कहा कि पुलिस की इस कार्यशैली से जनता का पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ा है।

# ढाई करोड़ से चौकी हवालिया सड़क का चौड़ीकरण शुरू

- 7 मीटर के स्थान पर 10 मीटर होगी सड़क चौड़ी

जागरण मोर्चा, कार्यालय


बरेली गेट स्थित निर्माणाधीन चौड़ीकरण कार्य।

**रामपुर।** बरेली गेट स्थित चौकी हवालिया से पनवड़िया सड़क का चौड़ीकरण कार्य शुरू करा दिया है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई 7 मीटर के स्थान पर 10 मीटर तक होनी है। अभी बरेली गेट सड़क पर खुदाई का कार्य जारी है। सड़क चौड़ीकरण होने से जो लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है उससे काफी हद तक राहत मिलेगी।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता हर्षित जैन ने बताया कि बरेली गेट स्थित चौकी हवालिया से 2150 मीटर तक सड़क की चौड़ीकरण कार्य कराया जाएगा। 7 मीटर के स्थान पर 10 मीटर तक सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण कार्य भी शामिल है। यह कार्य करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इसका टेंडर अप्रैल में एक साल के लिए हुआ है। अभी सड़क पर खुदाई का कार्य कराया जा रहा है। कार्य कराए जाने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया है कि चौड़ीकरण कार्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मानदेय वृद्धि मांग को लेकर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते युवा। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव के नेतृत्व में युवाओं ने कलेक्ट्रेट रामपुर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी रामपुर के माध्यम से पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सहायक कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और ऑनलाइन कार्यों का दायित्व निभा रहे है।

इसके बावजूद उन्हें बेहद कम मानदेय दिया जा रहा है। सुनील ने कहा कि कई सरकारी कार्यों के संचालन के लिए निजी मोबाइल फोन, इंटरनेट और अन्य संसाधनों का उपयोग भी पंचायत सहायकों को करना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वर्तमान में पंचायत सहायकों को प्रतिमाह मात्र 6,000 मानदेय दिया जा रहा है। इस बढ़ती हुई महंगाई और आर्थिक चुनौतियों के दौर में इस अल्प राशि से पंचायत सहायकों को अपने परिवार का भरण-पोषण करना भी अत्यंत कठिन हो गया है। पंचायत सहायक ग्राम पंचायत स्तर पर सभी सरकारी योजनाओं का डेटा ऑनलाइन अपडेट करने, जन सेवा केंद्र का संचालन करने और प्रशासनिक कार्यों को निष्ठापूर्वक पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सुनील ने पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा है यदि पंचायत सहायकों के वेतन में जल्द वृद्धि एनएचआई होती है। तब वह रामपुर से लखनऊ के लिए पदयात्रा करेंगे।

पदयात्रा के माध्यम से जिले बार और बड़े स्तर पर मानदेय वृद्धि की मांग को बुलंद करेंगे। इस दौरान विकल श्रीवास्तव, गौरव सैनी, निशा सैनी, श्याम यादव, ईश्वर सिंह, गुरदीप, विशाल, राहुल, बॉबी, अमन, आजाद, सचिन आदि मौजूद रहे।

# शहर में निकाली कलश यात्रा, हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राधे-राधे 8 से 15 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बॉम्बे पैलेस होटल में होने जा रहा है। जहां गुरुदेव अमन उद्धव के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीलाओं, ज्ञान और भक्ति का रसपान कराया जाएगा। कथा के दौरान शिव विवाह, वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म, श्री राधाकृष्ण होली, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र जैसी लीलाओं का आनंद प्राप्त होगा। कथा का एक लाइव प्रसारण फेसबुक पेज (अमन उद्धव) पर वह यूट्यूब चैनल (कैलाश गुप्ता)


कलश यात्रा निकालती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

के माध्यम से किया जाएगा। मुख्य यजमान में सोनम गुप्ता, पलाश गुप्ता, डेजी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, पूनम गुप्ता और कृष्णा गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान कलश यात्रा निकाली गई। जिसका बहुत सुंदर तरीके से प्रसारण हुआ। कलश यात्रा में राजेंद्र कुमार, सराफ, राजीव अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, हर्षित प्रस्ताव की दीपक गुप्ता, जी गुप्ता, ज्ञानेश गुप्ता, यश गुप्ता आदि सम्मिलित रहे।

## स्वचालित मौसम केंद्रों से प्राप्त करें मौसम की सटीक एवं तात्कालिक जानकारी

**रामपुर।** जिले में मौसम संबंधी सटीक एवं वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 6 स्वचालित मौसम केंद्र (ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन) तथा 12 स्वचालित वर्षामापी केंद्र (ऑटोमेटिक रेन गेज) स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से वर्षा, तापमान, आर्द्रता, पवन की गति एवं पवन की दिशा संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मौसम संबंधी सटीक एवं समयबद्ध जानकारी कृषि कार्यों, सिंचाई, बुवाई, कटाई, निर्माण कार्यों, यात्रा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपील की है।

# अनदेखी: जिला अस्पताल का हेल्थ एटीएम बीमार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों को डिजिटल सेवा मुहैया कराने के लिए लगाए गए हेल्थ एटीएम खुद बीमार हैं। तकनीकी खामी तो कहीं रीजेंट और स्ट्रिप न होने से इनकी उपयोगिता सिर्फ वजन, बीपी, पल्स, तापमान की जांच तक सिमट कर रह गई है।

चार सितंबर 2022 को रामपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के पहले हेल्थ एटीएम का शुभारंभ किया था। यह हेल्थ एटीएम जिला अस्पताल में स्थापित है। इस हेल्थ एटीएम के जरिये 70 से अधिक प्रकार की जांचें मिनटों में पूरी होने का दावा किया गया था। इसी की तर्ज पर जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर मोबाइल हेल्थ एटीएम स्थापित किए गए थे। जिला


वार्ड में रखा हेल्थ एटीएम।

> हेल्थ एटीएम को सही कराने के लिए सीएमओ कार्यालय से पत्राचार किया गया है। –डॉ.बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।

अस्पताल में हेल्थ एटीएम का लाभ कुछ समय के लिए लोगों को मिला। इसके बाद इसमें तकनीकी खामियां आने लगीं। कभी नेटवर्किंग की समस्या तो कभी संसाधनों की कमी आने लगी। हेल्थ एटीएम चालू न होने पर जांच कराने के लिए लैब जाना पड़ता है।

**दिशा-निर्देश** पात्र कर्मचारियों का पंजीकरण शीघ्र कराया जाए

# 11 हजार कर्मियों के बनेंगे मुख्यमंत्री हेल्थकार्ड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत जिले के लगभग 11 हजार कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पात्र कर्मचारियों का पंजीकरण शीघ्र कराया जाए, ताकि उन्हें जल्द से जल्द हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराए जा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 5 सितंबर 2025 को घोषित यह योजना 1 अप्रैल 2026 से




प्रभावी हो चुकी है। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा।

प्रति कर्मचारी तीन हजार रुपये का प्रीमियम राज्य सरकार वहन करेगी। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक लंबे समय से कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग कर रहे थे। योजना के तहत न केवल कर्मचारी बल्कि उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। एक परिवार के लिए प्रतिवर्ष अधिकतम पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा निर्धारित की गई है ।इस बीच शिक्षकों ने योजना के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

इनमें प्रमुख रूप से पति-पत्नी दोनों के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत होने की स्थिति में आवेदन की प्रक्रिया, आधार कार्ड में उत्तराखंड का पता दर्ज होने पर आवेदन की व्यवस्था, विवाहित शिक्षिकाओं द्वारा माता-पिता को परिवार में शामिल करने की प्रक्रिया तथा पहले से आयुष्मान कार्ड धारकों को भी आवेदन करने की आवश्यकता जैसे प्रश्न शामिल हैं ।बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि इन बिंदुओं पर शीघ्र ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने सभी पात्र कर्मचारियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीकरण करा लें, जिससे हेल्थ कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो।

### जिले में लाभार्थियों की अनुमानित संख्या इस प्रकार है

- शिक्षक : 4,850
- रसोइया : 4,065
- शिक्षामित्र : 1,700
- अनुदेशक : 170
- अन्य कर्मचारी : 250

## सार संक्षेप

### 2 ट्रक सीज,7 वाहनों का चालान


वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ।

**रामपुर।** जिले में परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सोमवार सुबह 4 :50 बजे तक नवीन मंडी चौकी एवं थाना भोट क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए 2 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया ।अभियान के दौरान कुल 7 वाहनों का चालान भी किया। जिन पर कुल 2 .56 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई ।एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने वाहन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें तथा यातायात नियमों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करें।


पौधारोपण करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू, रोपे गए पौधे

**स्वार।** भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सोमवार से स्वार नगर मंडल में कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। यह अभियान 14 जून तक चलेगा। अभियान के पहले दिन सेक्टर लखीमपुर,छपर्रा के तहत लखीमपुर,इमरतपुर में सघन जनसंपर्क और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत पौधरोपण भी किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर प्रबुद्ध वर्ग से संपर्क साधा। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी विशेष रूप से मौजूद रहे ।जनसभा और संपर्क के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हर बूथ पर जा-जाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहा है। उन्होंने कहा साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी और योगी सरकार द्वारा जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन्हें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। इसी संकल्प के साथ हम 2027 में उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी के साथ अमित सक्सेना, हरीश मौर्य, हरि सिंह लोधी, राजीव वर्मा, राकेश कश्यप और राजेंद्र सहित भारी संख्या में स्थानीय भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हसीब अहमद, डॉ.तनवीर हज यात्रा से लौटे


हज से लौटने पर घर में लोगों के साथ खड़े हसीब अहमद।

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद, शहर के जाने-माने प्रसिद्ध डॉक्टर तनवीर अहमद हज से वापस लौटे। इनके लौटने पर लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। भाकियू के प्रदेश महासचिव 23 अप्रैल को रामपुर से मक्का मदीना के लिए रवाना हुए थे। सोमवार सुबह घर आ गए। घर पहुंचने पर यूनियन के अलावा सामाजिक, राजनीतिक के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जबकि डॉ .तनवीर, डॉ .महमूद भी घर आ गए। जहां उनके घर पर लोगों और रिश्तेदारों का तांता लगा रहा। एक के बाद एक लोगों ने हज की मुबारकबादी भी दी।

### शाहबाद में दुकानदारों ने राहगीरों में बांटा शरबत


शाहबाद के बिलारी तिराहे के पास लोगों को शरबत बांटने दुकानदार।

**शाहबाद।** ज्येष्ठ माह में अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण लोग इस महीने में दान पुण्य, जल वितरण और धार्मिक कार्य करते हैं। ऐसा करने का एक अलग ही विशेष महत्व है। नगर के रामलीला मैदान स्थित दुकानदारों ने इस तपती हुई गर्मी में लोगों के गले को ठंडक पहुंचाने के लिए ठंडे जल का शरबत वितरण किया। शरबत वितरण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से चलकर शाम 4 बजे लगातार चलता रहा। शरबत बांटने वाले दुकानदारों में वेदप्रकाश विद्यार्थी, अमन गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, अनमोल गुप्ता आदि रहे।

### जनसेवा केंद्र में चोरी करने वाले 3 आरोपी पकड़े



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**सैदनगर।** अजीमनगर पुलिस ने जन सेवा केंद्र में हुई चोरी का खुलासा दिया है ।पुलिस ने तीन आरोपियों के साथ चोरी गया सामान भी बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। रविवार देर रात थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोक लिया। पूछताछ करने पर आरोपी बार-बार अपने बयान बदलते रहे। आरोपियों के पास से पुलिस ने करीब 13 हजार रुपए और चोरी गया कुछ सामान भी बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में जीशान पुत्र महमूद निवासी ग्राम जिठनिया, आलिम पुत्र अहमद सईद मियां निवासी ग्राम जिठनिया और सुलेमान पुत्र मो0 अहमद निवासी ग्राम जिठनिया थाना अजीमनगर रामपुर हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है ।थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल में बताया आरोपियों के पास से जन सेवा केंद्र में चोरी हुए कुछ जरूरी कागजाद भी बरामद किए गए हैं।

### स्लैब से सामान उतारते समय हुआ हादसा

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव में सोमवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में तीन बच्चे गभीर रूप से घायल हो गए। घर के स्लैब से सामान उतारने के दौरान ऊपर रखा सामान का संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया, जिसकी चपेट में आकर तीन बच्चे अमन (10), दीपक (16) और आशीष (6) मासूम घायल हो गए। परिजन निजी वाहन से तीनों मासूमों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुँचे, जहाँ चिकित्सकों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। अमन और दीपक की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, छह वर्षीय आशीष का उपचार सीएचसी शाहबाद में जारी है।

# 1844 अभ्यार्थियों ने नहीं दिखाई परीक्षा में रूचि

## जनपद के 16 केंद्रों पर दो-दो पालियों में आयोजित हुई उत्तर प्रदेश आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा में 1844 अभ्यार्थियों ने कोई रूचि नहीं ली। दोनों पालियो में आयोजित परीक्षा में एक हजार 844 अभ्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में 4128 के सापेक्ष 3218 ने परीक्षा दी। जबकि 910 गैरहाजिर, दूसरी पाली में 4128 के सापेक्ष 3194 ने परीक्षा दी। इसमें 934 अभ्यार्थी गैरहाजिर रहे।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र कुमार मीणा ने जनपद में आयोजित प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी और बायोमेट्रिक व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीयता, शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी निगरानी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

### तीन दिन तक आयोजित रहेगी परीक्षा

भर्ती परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को दो-दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह तथा दूसरी पाली दोपहर में होगी। तीन दिनों में कुल 24,768 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। इस तरह प्रतिदिन दो पालियों में 8,256 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### रोडवेज, रेलवे स्टेशन के बाहर रही भीड़ भाड़

उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा के लिए रोडवेज, रेलवे स्टेशन और गांधी समाधि और मालगोदाम समेत बनाए गए केंद्रों पर अभ्यार्थियों की भीड़भाड़ लगी रही। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी मुस्तैद रही।

### इन केंद्रों पर हुई परीक्षा

राजकीय पालिटेक्निक, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय गर्ल्स इंटर कालेज, रेवड़ी कला शाहबाद, राजकीय इंटर कालेज सैजनी नानकार, राजकीय इंटर कालेज स्वार, राजकीय इंटर कालेज टांडा, राजकीय रजा महिला स्नताकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार गर्ल्स इंटर कालेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज, प .दीनदयाल उपाध्याय राजकीय, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्री गुरूनानक इंटर कालेज बिलासपुर माटखेड़ा में परीक्षा हुई।

# नवीन कार्य को क्रियान्वित करने से पूर्व प्रशासक को स्वीकृति लेना होगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रशासक नियुक्त होने के बाद से प्रधान खुश हैं, लेकिन अपने कर्तव्यों, दायित्वों और अधिकारों को लेकर असमंजस में हैं। अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत राज अधिकारी से मिलकर इस बारे में वार्ता की।

जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जारी आदेश के क्रम में प्रधान संगठन के प्रतिनिधिमंडल को बताया कि नवीन कार्य को क्रियान्वित करने से पूर्व प्रशासक द्वारा स्वीकृति लेना होगी। भुगतान से पूर्व सत्यापन भी कराना होगा। प्रशासक सामान्य कार्य पूर्व की भांति करते रहेंगे। डीपीआरओ से मुलाक़ात के बाद अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां ने बताया कि प्रशासक कोई नीति विषयक निर्णय न लें। अत्यावश्यक एवं विशेष परिस्थितियों में नीति विषयक निर्णय संबंधी प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजकर स्वीकृति प्राप्त कर लें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष के आलावा प्रधान संगठन के नेता मनीष लोधी, जवाब हुसैन, रमेश कुमार, सुभान पाशा, कामरन अकमल, कमाल हुसैन, अली अहमद, साजिद खां, अशोक कुमार, नईम अहमद, शारिक खां, फारूक अहमद, संघप्रिय गौतम, जाकिर अली, नाजिर अली, अकबर अली आदि मौजूद रहे। जनपद की 6 ग्राम पंचायतों में प्रधान का कर्तव्य निभाने के लिए एडीओ पंचायत प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक शाहबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत नरखेड़ी व जगेसर में सुरेश कुमार सिंह, मिलक की ग्राम पंचायत सिमरा, केवलपुर, हरैया में जगरूप सिंह व बिलासपुर की ग्राम पंचायत कुईया में सलीम हुसैन प्रशासक होंगे। तीनों प्रशासक संबंधित ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) हैं।



डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन का प्रतिनिधिमंडल।

# वॉकथॉन में महिलाएं, बच्चे ,बुजुर्ग उत्साह के साथ दौड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत में रेडियो प्रसारण के 90 गौरवशाली वर्ष 8 जून को पूर्ण हुए। भारत में इसी दिन से सन 1936 में रेडियो प्रसारण का आरंभ हुआ, आकाशवाणी रामपुर ने आज इस शुभ अवसर को धूमधाम के साथ मनाया।

आकाशवाणी की भूमिका सदैव से ही लोक सेवा प्रसारक की रही है और इस भूमिका को निभाते हुए आकाशवाणी ने विभिन्न कार्यक्रमों के प्रति जन जागरूकता के संदेश विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रसारित किए हैं। उसी के चलते सोमवार को आकाशवाणी दौड़ 2026 का आयोजन आकाशवाणी द्वारा किया गया। इसमें आकाशवाणी परिवार ने सहभागिता की। प्रतिभागी सुबह 5:30 बजे से ही आकाशवाणी स्टूडियो परिसर में एकत्रित होना शुरू हो गए थे ,सीआरपीएफ के डीआईजी पूर्ण सिंह धर्मशक्तू और आकाशवाणी की पूर्व सहायक केंद्र निदेशक मनदीप कौर ने हरी झंडी दिखाकर इस पैदल मार्च को रवाना किया। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे ,बुजुर्ग और युवा उत्साह के साथ एक-साथ चले। आकाशवाणी द्वारा आयोजित इस पदयात्रा में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों ने स्थानीय गांधी समाधि पर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की। रोहित कुकरेती और आकांक्षा सक्सेना के साथ अपर्णा सक्सेना ने कार्यक्रम का लाइव संचालन किया। रेनू तिवारी ने आकाशवाणी स्टूडियो से कार्यक्रम को संयोजित किया। कार्यक्रम में शेखर चंद्र और मुजफ्फर खान ने अपना विशेष तकनीकी सहयोग प्रदान किया। आकाशवाणी की पूर्व सहायक निदेशक मनदीप कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम अधिशासी विक्रांत चौधरी ,अवधेश कुमार गौतम तथा वरिष्ठ उद्घोषक असीम सक्सेना के प्रयासों की सराहना की। कहा कि यह सफल आयोजन जनमानस के प्रति आकाशवाणी के समर्पित भाव का प्रतीक बनेगा। लोग अधिक संख्या में आकाशवाणी के साथ जुड़ेंगे।





वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि। -जागरण मोर्चा



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। -जागरण मोर्चा

### किसानों ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए। उसके बाद किसानों को कर्ज मुक्त किए जाने,डॉक्टर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू किए जाने कृषि यंत्रों पर 90 प्रतिशत सब्सिडी दिए जाने,हरियाणा पंजाब दिल्ली सरकार की तर्ज पर आम जनता को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाने जैसे मुददे उठाएं। नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार प्रदेश सरकार से मांग की गई। ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम संबोधित करते हुए जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा,कहा कि किसानों को कर्ज मुक्ति करो,केंद्र सरकार होश में आओ, प्रदेश सरकार होश में आओ,आवारा पशुओं को राष्ट्रीय पशु घोषित करो ।ज्ञापन देने वालों में अरशद अली ,आरिफ अली,अमित कुमार, शादाब अहमद, नरेंद्र कुमार, विजय कुमार, शोएब, रामकुमार, अशोक यादव, मुकेश पांडे, महेंद्र सागर, मुकेश सागर राजकुमार आदि शामिल रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल: अफरोज

**रामपुर।** सोमवार को कैंप कार्यालय धमोरा में पिछड़ा वर्ग की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पिछड़ा वर्ग की जिला कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गई। पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक अफ़रोज़ अली खां और पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें बधाई दी। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अफ़रोज़ अली खां ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए कहा, आज देश में महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है। पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से पार्टी को जमीन स्तर पर मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पिछड़ा वर्ग के अधिकारों और जनहित के मुद्दों को पूरी ताकत से उठाएंगे। जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज के हर तबके को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगा ।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जिवेन्द्र गंगवार,महेंद्र पाल यदुवंशी, महेश आर्य, देवकीनंदन गंगवार,बद्रीप्रसाद मौर्या,बबलू शर्मा, मोहन स्वरूप पटेल, डॉक्टर हरिओम सुमन,जगपाल गंगवार,अनिल गंगवार,राकेश लोधी,शुऐब मालिक,महेंद्र प्रकाश लोधी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पोधारोपण कर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**भोट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के बारह वर्ष पूर्व होने के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों गिनाई ।सोमवार को जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के इंड्रा, इंड्री व बगी गांव में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया ।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अवश्य करें ।जिससे मन की स्मृति भी जीवित हो जाएगी ।इसके साथ ही साथ देश क्षेत्र में वातावरण भी संतुलित होगा। जिससे क्षेत्र हरा-भरा दिखने लगेगा। इस दौरान केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व सरकार की उपलब्धियों की जानकारी भी दी गयी ।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कांता प्रसाद लोधी,विनोद राजपूत,अंकित कुमार,रामदयाल सिंह,महेश राजपूत आदि मौजूद रहे।



इंड्रा गांव में पौधारोपण करते जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी।

# चोरों ने उड़ाए 15 लाख के जेवर व नकदी

- कोतवाली क्षेत्र में चोरी का सिलसिला जारी, पुलिस निष्क्रिय, लोगों में रोष व्याप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** कोतवाली क्षेत्र के लखमन नगला गांव में सोमवार की रात चोरों ने क्षेत्रवासियों की नींद उड़ा दी। ग्राम निवासी शराफत पुत्र अजमत अली के घर में घुसकर चोरों ने सोने-चांदी के आभूषणों व नकदी समेत करीब 15 लाख रुपये का माल चुरा लिया ।वारदात के दौरान गृहस्वामी छत पर सो रहा था ।परिवार के अन्य सदस्य सहन में सो रहे थे। कूलर की आवाज के कारण चोरों की आहट किसी को नहीं सुनाई दी। चोरों ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और उसी रास्ते लौट गए।

सुबह सबसे पहले पुत्रवधू जब उठी तो कमरे का ताला टूटा देखा। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। जांच करने पर पता चला कि संदूक खुला हुआ और सामान बिखरा पड़ा था।

चोर सोने का झूमर, टीका, लचकारा,सोने की दो अंगूठियां, तीन हार, दो पेंडेंट, एक कंठी,सोने के तीन नाक के फूल,चांदी की तीन जोड़ी पाजेब, चोटी आदि नकदी लगभग 2 लाख 70 हजार रुपये,जिसमें पुत्र सुबहान की शादी के दो लाख रुपये और हाल ही में बेची गई भैंस के 70 हजार रुपये शामिल थे,चोरी कर ले गए।चोरी की बड़ी वारदात से परिवार सदमे में है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया।कोतवाली क्षेत्र में यह पहली वारदात नहीं है।15 मई को ग्राम धनुपुरा मझरा अपलगढ़ में चोरों ने जगपाल सिंह के घर से 7 लाख का माल चोरी किया था।17 मई को अहमदपुर पहाड़पुर में नवाबजान के घर से 10 लाख रुपये के जेवर-नकदी चोर चोरी कर ले गए।इसके अलावा करखेड़ा गांव में 12 खंभों की विद्युत तार भी चोरों ने काट ली थी।क्षेत्रवासी कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय और रोष का माहौल है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान दिखाता स्वामी। -जागरण मोर्चा



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपतें किसान। -जागरण मोर्चा

### समस्याओं को लेकर भाकिसं ने सौंपा ज्ञापन

**मिलक।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता मिलक स्थित निरीक्षण भवन में एकत्रित हुए। किसानों की खाद एवं फार्मर आईडी संबंधी समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों को यूरिया खाद उनकी जोत (भूमि) के अनुसार उपलब्ध कराई जाए। यदि 20 एकड़ भूमि वाले किसान को मात्र 5 बोरी यूरिया दी जाएगी तो उसकी शेष फसल प्रभावित होगी। साथ ही फार्मर आईडी, आधार एवं खतौनी में नामों की त्रुटियों का शीघ्र समाधान कर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, अरविंद कुमार, मिंटू तिवारी, आशीष चंद एवं विमल शर्मा सहित अनेक किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट | मनजीत और जय ने 2-2 विकेट चटकाकर टीम को दिलाई जीत

# आरसीए चैंप्स की टीम ने 77 रन बनाकर जीता मुकाबला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए दो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों मैचों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं तथा इस प्रकार के आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं ।दिन के पहले मुकाबले में आरसीए चैंप्स ने कैंपस इलेवन को 10 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैंपस इलेवन की टीम 13.5 ओवर में मात्र 71 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से निजाम पाशा ने 15 गेंदों में 17 रन बनाए ।आरसीए चैंप्स की ओर से गेंदबाजी में आकाश चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में केवल 13 रन देकर 5 विकेट झटके। वहीं कुलदीप राजपूत ने 2 विकेट और विजय पंची ने 1 विकेट हासिल किया ।72 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीए चैंप्स की टीम ने मात्र 4.2 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान पर 77 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

टीम की ओर से कनिष्क किश्तवाल ने 15 गेंदों में नाबाद 38 रन तथा सिमी चौधरी ने 12 गेंदों में नाबाद 32 रन की विस्फोटक पारी खेली। शानदार गेंदबाजी के लिए आकाश चौहान को मैन ऑफ द मैच चुना गया ।रात्रि में खेले गए दूसरे मुकाबले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने सेवा फार्मेसी को 41 रन से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए। टीम की ओर से अनिल सरोज ने 48 गेंदों में 50 रन तथा रोहित यादव उप्प ने 36 गेंदों में 42 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया ।154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेवा फार्मेसी की टीम 18.1 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अंकुश दहिया ने 29 गेंदों में 33 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से गेंदबाजी में सीएच साहिल ने 3.1 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। वहीं मनजीत सिंह और जय यादव ने 2-2 विकेट चटकाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।



मैदान पर छक्के मारता खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

### साहिल को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीएच साहिल को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित सिंह, बंटी राठौर, विनय, विक्की सक्सेना, संजू, अविनाश, हरिओम, लकी, विनोद, सूर्यकांत, शिवम भारद्वाज, त्रिभुवन, सुल्तान, शावेज, अभिषेक, अखिलेश, वरुण, विजय, हर्ष, अमित, विवेक, ध्रुव, सोनू, सूर्यप्रकाश और नन्हे सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने आगामी मुकाबलों में भी इसी प्रकार के रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक खेल की उम्मीद जताई।



कलश यात्रा निकालती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

### धनेली पूर्वी में प्राचीन श्री कदम्ब वृक्ष मंदिर से निकली कलश यात्रा

**मिलक।** धार्मिक आयोजन के तहत ग्राम धनेली पूर्वी स्थित कदम वृक्ष मंदिर से सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए ।कलश यात्रा कदम्ब वृक्ष मंदिर से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों, गलियों से भ्रमण करते हुए भूढ़े बाबा मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जयकारों से गांव गूंज उठा ।ग्रामीणों ने जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भूढ़े बाबा मंदिर पर पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत दर्शन आनंद स्वामी कथा वाचक आचार्य मनीषश्वर भारद्वाज, जीतू पांडे, गणेश पांडे, मुकेश पांडे,अमन पांडे, विनीत पांडे, कृष्णा पांडे, तनमन पांडे, विचित्र देवी, दीक्षा पांडे, कमला देवी, रीना पांडे, संतोष पांडे, रामधर पांडे, शिल्पी पांडे, प्रदीप गंगवार, श्याम बिहारी गंगवार सहित समस्त भक्तगण व ग्राम वासी मौजूद रहे।

## दो भाइयों के साथ मारपीट

**गजरौला।** सिगरेट देने से मना करने पर दो ग्रामीणों ने एक युवक व उसके भाई के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। घायल पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपार्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ओसीता जगदेवपुर निवासी देवेन्द्र पुत्र नरपत रात करीब नौ बजे अपने घर के आसपास खड़ा था। इस दौरान गांव निवासी चन्द्रपाल व गुरूदयाल ने उससे सिगरेट मांगी, देवेन्द्र ने सिगरेट होने से मना कर दिया तो उसके साथ मारपीट करके घायल कर दिया। बीच बचाव करने आये देवेन्द्र के भाई बंटू के साथ भी मारपीट की।

# बारातियों से भरी बस ट्रैक्टर के जुट्टा से टकराकर पलटी

- 20 बाराती घायल
- घायलों को स्योंडारा व चन्दौसी अस्पताल में कराया भर्ती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार की रात बारातियों से भरी बस ट्रैक्टर के पीछे लगे जुट्टा से टकरा कर पलट गई। हादसे में बस सवार 50 बारातियों में से 20 बाराती घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए स्योडारा के पीएचसी व चन्दौसी के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।


सीएचसी में भर्ती घायल बच्चा व मौजूद परिजन।


घायल बच्चे का उपचार करता चिकित्सा कर्मी।


रेफर के बाद घायल बच्चे को ले जाता पिता।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी आजेंद्र पुत्र रामबाबू की बारात रविवार की शाम जनपद मुरादाबाद के थाना सैफनी क्षेत्र के गांव सैदपुर गई थी। रात 3 बजे बारात में रिश्तेदार व गांव के 50 लोग बस में सवार होकर वापस लौट रहे थे। जब बस थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के स्योडारा व मुड़िया के बीच पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रैक्टर के पीछे बंधे जुट्टा से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 20 बाराती घायल हो गए और चीख पुकार शुरू हो गई। जिसमें कुछ घायलों को स्योडारा के पीएचसी में भर्ती कराया।

इसके अलावा गांव शहबाजपुर निवासी आयुष पुत्र चंद्रकेश, मनीष व उसके बड़े भाई अंकुश पुत्र सुरेश, देवेंद्र पुत्र भोपाल सिंहत अन्य परिजनों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सार संक्षेप

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल, रेफर


सीएचसी में घायल का उपचार करते चिकित्सक।

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर हास्पिटल के सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के बदायूं चुन्नी निवासी गौरव पुत्र सुंदर लाल व चंद्रपाल पुत्र जानकी प्रसाद रविवार की रात किसी कार्य से बाइक पर सवार जा रहे थे। जब बाइक सवार मुरादाबाद रोड स्थित एक हास्पिटल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में गौरव व चंद्रपाल व दूसरी बाइक पर सवार हरीश पुत्र ब्रजपाल निवासी देवरखेड़ा थाना बनियाठेर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### डिवाइडर से टकराई बाइक तीन युवक घायल, रेफर


घायल का उपचार करता चिकित्सा कर्मी।

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर रविवार की रात डिवाइडर से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। दीपक पुत्र नरेश निवासी गांव रसूलपुर सुनवाली जनपद मुरादाबाद, हरिपाल पुत्र झुन्नी निवासी गांव सकतपुर थाना इस्लामनगर व राजेंद्र पुत्र पूरन निवासी ग्राम अचलपुर थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं निवासी नाच-गाने का प्रोग्राम करते हैं। तीनों युवक रविवार की रात बिसौली थाना क्षेत्र के गांव अतरपुर से बाइक पर सवार होकर सरथल खेड़ा थाना बनियाठेर में प्रोग्राम करने आ रहे थे। जब बाइक सवार बनियाठेर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर ढाबे के पास पहुंचे तो बाइक सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। घटना की सूचना पर 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर तीनों को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफरकर दिया।

### संभल में आबादी के बीच संचालित हो रही हिन्द बैटरी

**संभल।** सोमवार को प्रशासनिक टीम ने देहली दरवाजा क्षेत्र स्थित हिन्द बैटरी फर्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फर्म संचालक उस्मान पुत्र जाफर हुसैन निवासी देहली दरवाजा, सम्भल मौके पर उपस्थित मिले। अधिकारियों ने फर्म के संचालन से संबंधित अभिलेखों की जांच की और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान संचालक द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जारी कंसेन्ट (अनापत्ति) प्रस्तुत किया गया। कंसेन्ट में उल्लेखित शर्तों के अवलोकन के बाद टीम ने इकाई का विस्तृत निरीक्षण किया। मौके पर बड़ी संख्या में ऐसी बैटरियां पाई गईं जिन पर हिन्द बैटरी अंकित था। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि परिसर में बैटरियों की मरम्मत के साथ-साथ नई बैटरियों के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। फर्म में कार्यरत भूदेव सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी मिलक रावाखुर्द, थाना ऐंचोड़ा कम्बोह ने भी अधिकारियों को बताया कि इकाई में बैटरियों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य किया जाता है। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने पाया कि इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कंसेन्ट में निर्धारित शर्तों का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा संचालक अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), एमएसएमई पंजीकरण तथा अन्य आवश्यक वैधानिक अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके। अधिकारियों के अनुसार घनी आबादी वाले क्षेत्र में संचालित यह इकाई प्रथम दृष्टया नियमों के विपरीत संचालित होती प्रतीत हुई। हालांकि संचालक ने बताया कि परिसर में लगे सोलर पैनलों से मस्जिद और आवासीय भवन की बिजली व्यवस्था संचालित होती है तथा संबंधित बैटरियां और कनेक्शन भी इसी परिसर में स्थापित हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल परिसर को सील करने की कार्रवाई नहीं की। फर्म में मौजूद समस्त सामग्री संचालक उस्मान की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि आवश्यक एवं वैध अभिलेख प्रस्तुत किए जाने तक फर्म का संचालन नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने बताया कि इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 के अंतर्गत नोटिस जारी किया जाएगा तथा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**बहजोई/सम्भल।** मत्स्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक लाभार्थी 08 जून से 28 जून 2026 तक विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य विभाग, सम्भल ने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम स्थापना योजना के अंतर्गत आवेदन लिए जा रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना, आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना तथा मत्स्य व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाना है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर योजनाओं की विस्तृत जानकारी, परियोजना विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है।

# एक करोड़ 60 लाख रुपये के एसीटिक एनहाइड्राइड के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**628.65 किलो प्रतिबंधित प्रीकर्सर केमिकल, कंटेनर ट्रक और मोबाइल फोन बरामद, स्मैक-हेरोइन बनाने में होता है इस्तेमाल**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ लखनऊ, एएनटीएफ बरेली तथा थाना कैलादेवी पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त चार सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से करीब 628.65 किलोग्राम एसीटिक एनहाइड्राइड प्रीकर्सर बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 60 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक बंद बॉडी कंटेनर ट्रक, चार मोबाइल फोन तथा अन्य सामान भी बरामद किया। बरामद एसीटिक एनहाइड्राइड का उपयोग स्मैक और हेरोइन जैसे मादक पदार्थों के निर्माण में किया जाता है। पुलिस के अनुसार सम्भल-गजरौला रोड स्थित जियो पेट्रोल पंप के पास चौकी खिरनी क्षेत्र में एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में रखे 09 नीले प्लास्टिक ड्रम और 01 सफेद प्लास्टिक ड्रम से कुल 628.65 किलोग्राम एसीटिक एनहाइड्राइड प्रीकर्सर बरामद हुआ।



कैला देवी थाने में पुलिस हिरासत में खड़े आरोपी। -जागरण मोर्चा

गिरफ्तार हुए आरोपियों में मदनपाल पुत्र हरिचंद निवासी ग्राम लकोरी थाना नखासा जनपद सम्भल, राजपाल पुत्र तोताराम निवासी ग्राम बिटौली थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली, नाजिम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी मोहल्ला कालाखेड़ा थाना नखासा जनपद सम्भल तथा शोएब पुत्र स्व. शफीक चौधरी निवासी नौदायल थाना सहसवान जनपद बदायूं शामिल हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद एसीटिक एनहाइड्राइड का उपयोग स्मैक और हेरोइन बनाने में किया जाता है। तस्कर इसे ट्रांसपोर्ट के माध्यम से छिपाकर दूसरे स्थानों तक पहुंचाने की तैयारी में थे। इस मामले में थाना कैलादेवी में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और बरामद केमिकल की सप्लाई चेन की भी जांच कर रही है।

पुलिस ने 628.65 किलोग्राम एसीटिक एनहाइड्राइड प्रीकर्सर, एक बंद बॉडी कंटेनर ट्रक, 04 मोबाइल फोन, 09 नीले एवं 01 सफेद प्लास्टिक ड्रम, एसी के 100 कम्प्रेसर एवं 100 आउटडोर यूनिट सहित कुल 200 बॉक्स आदि बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सपा नेता अशोक चौधरी ने पीड़ित परिवार के लिए बढ़ाया मदद का हाथ

**गजरौला।** नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव कायमपुर में एक ग्रामीण के घर अग्निकांड से हुई भारी क्षति के बाद सपा नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी ने पीड़ित परिवार से मिलकर मनोबल बढ़ाया और उन्हें 21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। अशोक चौधरी ने कहा कि अग्निकांड से महेन्द्र सिंह जाटव के घर में भारी क्षति हुई है। उन्हें घटना की जानकारी मिली तो वे मदद को पहुंचे। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में जनसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं, क्यूंकि जनसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से भी पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की मांग की है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव, ऋषिपाल चिकारा, अरविंद यादव, संजीव यादव, अरूण चौधरी, गौरव चौधरी, शिवम वर्मा आदि मौजूद रहे।



# चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास नीचे गिरा युवक, दोनों पैर गवाए

- रविवार की रात प्लेटफार्म नंबर एक पर हुआ हादसा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर रविवार की रात चलती ट्रेन से उतरते के प्रयास में युवक नीचे गिर गया और उसके दोनों पैर कट गए। घटना की सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक का प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ मिलक निवासी सर्वेश 35 वर्ष पुत्र जय सिंह सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन में सवार था। जब रात 9 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची तो युवक ने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। तभी अचानक अनियंत्रित होकर युवक नीचे गिर गया। जिससे युवक के ट्रेन की चपेट में आने से दोनों पैर घुटने से नीचे से कट गए। घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में युवक को आरपीएफ ने टेंपो से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर बने होने पर चिकित्सक डा. हरवेंदर सिंह ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए और युवक की हालत देख परिजनों में चीखने-चिल्लाने लगे। उन्होंने बताया कि सर्वेश मुरादाबाद में एक फर्म में कई वर्षों से कार्य कर रहा है। जो रोजाना ट्रेन से आता जाता है।


सीएचसी में घायल युवक का उपचार करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

## चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला।** थाना पुलिस ने चोरी की एक बाइक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार करके चालान किया। आरोपी आर्थिक लाभ कमाने के लिए बाइक चोरी करके नंबर प्लेट आदि बदलकर अच्छे दामों पर बेच देते थे।

जानकारी के अनुसार पुलिस नगर के मौहल्ला नाईपुरा के पास वाहन चैकिंग कर रही थी कि तभी एक बाइक पर सवार दो युवकों ने पुलिस को देखकर बाइक वापस घुमाने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने उनकी गतिविधियां संदिग्ध देखकर उन्हें घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम साहिल पुत्र शाहिद निवासी गली नं0-10, अनमान नगर करूला, थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद व जुबेद पुत्र हसनैन निवासी मकान नं0 110, सेक्टर-10, पंचकुला, हरियाणा बताया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया है।

## डिवाइडर पार करते ही ट्रक से भिड़ी थार, हाईवे पर मची चीख-पुकार

- संभल में बड़ा हादसा टला, भीषण टक्कर का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर एक क्षण की लापरवाही भारी पड़ते-पड़ते रह गई। थाना धनारी क्षेत्र में कस्बा बस स्टेंड और थाना के दो नंबर गेट के पास सोमवार को एक ब्लैक रंग की थार रॉन्ग साइड से डिवाइडर पार कर सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि थार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बबराला की ओर से बहजोई जा रहा ट्रक अपनी निर्धारित लेन में चल रहा था। इसी दौरान अचानक एक थार डिवाइडर पार कर गलत दिशा से हाईवे पर आ गई। ट्रक चालक संभल पाता, उससे पहले ही दोनों वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना में थार को गंभीर नुकसान पहुंचा, जबकि ट्रक भी क्षतिग्रस्त हुआ। राहत की बात यह रही कि हादसा बेहद भीषण होने के बावजूद किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और वाहन सवार सुरक्षित बच गए।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह हादसा थाना धनारी क्षेत्र के कस्बा बस स्टैंड धनारी के निकट स्थित आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर हुआ, जहां एक पल की जल्दबाजी ने कई जिंदगियों को खतरे में डाल दिया।

# अर्णव ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम स्थित सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप चलाया जा रहा है। जिसके द्वितीय दिन छोटे-छोटे बच्चों द्वारा एक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में सबरंग अन्नी द्वारा बच्चों को गिलास में पानी भरे हुए चित्र का चित्रण कराया गया और उन्होंने बताया की यह समर कैंप 15 दिन तक चलेगा। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढचढ़ कर प्रतिभाग किया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम स्थान अर्णव, द्वितीय स्थान आस्था गुप्ता व तृतीय स्थान निविता वार्ष्णेय ने प्राप्त किया। विनेश शर्मा ने बच्चों को बताया कि हमें प्रातः काल उठकर माता-पिता के चरण छूने चाहिए और राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि हमें कभी भी भाग्य के भरोसे नहीं रहना चाहिए जब तक हम कर्म नहीं करेंगे तब तक हम लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते ।समर कैंप में अन्नी सबरंग, विनय शर्मा, हीरालाल, ज्ञान प्रकाश चिंटू, मनोज छुट्टन, प्रमोद गांधी, प्रफुल्ल अग्रवाल, योगेंद्र, रतन, गोपाल, मुकेश थैली आदि का सहयोग रहा।


चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

क्लासीफाइड

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुलेमान खान व उसकी पत्नी हुमा कुरैशी को गलत चाल चलन में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गए कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। दोनों से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं रहेगा।
**शहनाज जहाँ पत्नी इमरान खॉ निवासी 307 डी-राजद्वारा नबाब गेट मस्जिद पीलू, रामपुर सिटी (जिला रामपुर)**

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम शादाब खां था। जिसे मैंने बदलकर अब शादाब अली खां कर लिया है भविष्य में इसी नाम से मुझे जाना व पहचाना जाए।
**शादाब अली खान पुत्र स्व. हसीन खान निवासी मोहल्ला नाला पार कूंचा सौदा गरान तहसील सदर (जनपद रामपुर)**

**पुलिस भर्ती परीक्षा** सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और अभ्यर्थियों की चेकिंग व्यवस्था परखी, निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा कराने के दिए निर्देश

# केन्द्रों पर डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती लिखित परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पुलिस भर्ती परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में डीएम और एसपी ने हीरादेवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज, चन्द्रपाल आर्य आदर्श इंटर कॉलेज तथा इंटरमीडिएट कॉलेज बहजोई का निरीक्षण किया।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अभ्यर्थियों की प्रवेश एवं सघन चेकिंग प्रक्रिया, यातायात नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता, संदिग्ध गतिविधि अथवा लापरवाही पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने तथा परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे अभ्यर्थी निर्भीक एवं सुव्यवस्थित वातावरण में परीक्षा दे सकें।

### सम्भल में नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, दोनों पालियों में 1893 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**सम्भल।** जनपद में उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती लिखित परीक्षा सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा जनपद के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में संपन्न कराई गई। प्रथम पाली में कुल 4,656 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3,716 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 940 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में भी कुल 4,656 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3,703 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा 953 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट तैनात रहे। परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अनुचित गतिविधि की सूचना प्राप्त नहीं हुई। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 9,312 अभ्यर्थियों में से 7,419 ने परीक्षा में सहभागिता की, जबकि 1,893 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई।

# फिट इंडिया के ज़ुनून के संग ऊर्जावान रेसर ज़ैनुल के नेतृत्व में दस किमी की साइकिल राइड

- **विश्व साइकिल दिवस पर भव्य साइकिल राइड को एसपी सिटी श्री रणविजय सिंह ने दिखाई हरी झंडी, संडे ऑन साइकिल राइड में एसपी सिटी के संग समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह भी हुए शामिल**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत फिट इंडिया एम्बेसडर ज़ैनुल आबिदीन के नेतृत्व में भव्य संडे ऑन साइकिल राइडिंग को एसपी सिटी श्री रणविजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्मार्ट सिटी ऑफिस से रवाना किया। इस सुअवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री अतुल कुमार यादव , समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह,राज्य साइक्लिंग कोच सैयद खुर्शीद अली, सैयद मरदान, वरिष्ठ साइक्लिस्ट सैयद खालिद की विशेष रूप से मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, राइडिंग का उद्देश्य लोगों को फिटनेस, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण ,साइक्लिंग के प्रति जागरूक करना है। इस राइडिंग में 75 वर्षीय नौबत सिंह पहलवान आकर्षण के केंद्र रहे।फिट इंडिया एम्बेसडर ज़ैनुल आबिदीन ने कहा, विश्व साइकिल दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का एक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा, नियमित साइक्लिंग से स्वास्थ्य बेहतर होता है, प्रदूषण कम होता है। ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। राइड सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को फिट इंडिया ई सर्टिफिकेट प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में फिट इंडिया एम्बेसडर ज़ैनुल ने सभी अधिकारियों, प्रतिभागियों, कोचों, स्वयंसेवकों एवम् सहयोगियों का दिल की गहराइयों से आभार जताया।

लगभग 10 किलोमीटर लंबी यह राइड स्मार्ट सिटी कार्यालय से प्रारंभ होकर वार मेमोरियल तक पहुंची और पुनः स्मार्ट सिटी कार्यालय पर समाप्त हुई। राइड के दौरान प्रतिभागियों ने देश बचाएंगे, साइकिल चलाएंगे के नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और फिटनेस का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 75 वर्षीय नौबत सिंह पहलवान ने अपनी सक्रिय भागीदारी से सभी को प्रेरित किया, वहीं युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ राइड पूरी की।राज्य साइक्लिंग कोच सैयद खुर्शीद अली ने न केवल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया,बल्कि साइक्लिंग को स्वस्थ जीवन और खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया।कार्यक्रम में शगुफ्ता, निशात अंजुम, प्राची अग्रवाल, दीपिका मेहता, मोहम्मद फहीम, नेपाल सिंह, गजाला सुल्ताना, मुस्कान, सफिया नसीम, गुंजिता पाल, मोहम्मद लाइक, फहाद, राजी उर रहमान, साहिल, अमान सिद्दीकी, मोहम्मद जीशान, अनुज गुप्ता, ध्रुव, विक्की अरोड़ा, शालू चावला, राहुल छाबड़ा, बिलाल, , अरुण कुमार, अंबिका, यवन पाल, कृष्ण कुमार, अर्जुन, युवराज, रौनक, राघव सेठी, लिज़ा, अहमद हुसैन, संस्कार, दीपल आदि सहित बड़ी संख्या में साइक्लिंग प्रेमियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त शहर के खेल प्रेमी, युवा, महिलाएं एवम् वरिष्ठ नागरिक भी कार्यक्रम से जुड़े।

# पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे मामा-भांजी की सड़क हादसे में मौत

### रामपुर से परीक्षा देकर लौट रहे थे दोनों, पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश में जुटी है



भगतपुर में घटना के बाद मौके पर एसपी ग्रामीण व सीओ ठाकुरद्वारा। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा संवाददाता

**भगतपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे मामा-भांजी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि आरोपी डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

नैना उर्फ पूजा (20) पुत्री जानकी प्रसाद निवासी नारायणपुर थाना डिलारी तथा उसके मामा रामसिंह (30) पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी कांकर खेड़ा थाना भगतपुर रामपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देकर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव कांकर खेड़ा के निकट पहुंची, तभी डूंगरपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि नैना और रामसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी तथा भगतपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश में जुटी है।



रामसिंह का फाइल फोटो।



नैना उर्फ पूजा का फाइल फोटो।

# जनता के बीच जाकर अधिकारी सुनेंगे समस्यायें

जागरण मोर्चा संवाददाता



**मुरादाबाद ।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए नई पहल की शुरुआत की गई है। अब अधिकारी खुद जनता के बीच जाकर समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करेंगे। मुरादाबाद नगर निगम ने भी मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके तहत नगर निगम द्वारा शहर के सभी 70 वार्डों में "जन चौपाल" का आयोजन किया जा रहा है, जहां अधिकारी सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री के आदेश पर शुरू की गई इस नई पहल के बारे में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि जन चौपाल का आयोजन प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 9 बजे तक किया जा रहा है। हर दिन तीन वार्डों में यह चौपाल लगाई जा रही है, जिससे सभी क्षेत्रों के लोगों को अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल सके। चौपाल में नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और जल निकासी, सफाई व्यवस्था, सड़क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, अतिक्रमण सहित अन्य जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं है, बल्कि जनता की सहभागिता से शहर के विकास को नई दिशा देना भी है। चौपाल के दौरान नागरिकों से शहर के विकास, स्वच्छता और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों को योजनाओं में शामिल कर शहर के समग्र विकास की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## सार संक्षेप



बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा। -जागरण मोर्चा

### मांगों को लेकर किया बैठक का आयोजन

**हसनपुर ।** उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ के द्वारा सोमवार की दोपहर गांव करनपुर माफी स्थित तहसील सभागार में राजस्व निरीक्षक संघ के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें निरीक्षकों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बोलते हुए अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि राजस्व निरीक्षकों को पूर्व की भांति चैन मैन उपलब्ध कराया जाए। जिससे धारा 24 की कार्यवाही समय रहते कराई जा सके। राजस्व निरीक्षकों के साथ अधिकारियों का दुर्व्यवहार ना हो सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। इसी के साथ बैठक में बोलते हुए धीरे सिंह ने कहा कि एग्री स्टैक मानदेय जो बकाया है अति शीघ्र दिया जाए। राजस्व के निरीक्षकों के दो वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें स्थाई किया जाए। बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार शर्मा ने की तथा संचालन धीरे सिंह ने किया। इस अवसर पर मनोज गौतम ,देवराज सिंह, विनय कुमार, जबर सिंह, चंद्रपाल सिंह, हरवीर सिंह, रोहतास सिंह, आदि राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

### श्री कल्कि धाम निर्माण के लिए महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास महाराज की कठिन तपस्या शुरू



श्री कल्कि धाम निर्माण को लेकर तपस्या करते महामंडलेश्वर।

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध त्रिमूर्ति शेषनाग धाम मनोटा मछरई धाम के पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास महाराज ने एक अत्यंत कठिन और अलौकिक तपस्या प्रारंभ की है। वे श्री कल्कि धाम निर्माण के संकल्प को लेकर 21 दिनों तक 'एक टांग पर खड़े होकर 11 धूनों' की घोर तपस्या पर बैठे हैं। इस कठिन साधना का मुख्य उद्देश्य श्री कल्कि धाम के भव्य निर्माण कार्य में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना है, ताकि देश-विदेश के श्रद्धालुओं को शीघ्र से शीघ्र भगवान के गर्भगृह के दिव्य दर्शन प्राप्त हो सकें।तपस्या की सूचना मिलते ही मनोटा मछर ई धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। स्वामी जी की इस कठोर अध्यात्मिक साधना और निस्वार्थ संकल्प की क्षेत्रवासियों सहित दूर-दराज से आ रहे भक्तों द्वारा भारी सराहना की जा रही है।

### अनुपयोगी प्लास्टिक का उपयोग कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





सपा छात्र सभा मैं साइकिल रैली निकाली ।

**गजरौला।** छात्र-छात्राओं ने वेस्ट हो चुकी प्लास्टिक को अपनी कलाकारी से री-यूज लायक बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनकी प्रतिभा की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित भी किया गया। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने हाईवे किनारे वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें आनंद डिग्री कालेज, रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के साथ ही गांव नाईपुरा, शहबाजपुर डोर, सलेमपुर गोसाईं, सुल्तानठेर आदि में स्थित प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जुबिलेंट इनग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कहा कि बच्चों की इस कला से हम वेस्ट प्लास्टिक को री-यूज लायक बना सकते हैं। इससे प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। इस मौके पर जेबीएफ की सीएसआर टीम के कार्यक्रम अधिकारी विशाल गौरव, चंदन प्रदान, गीता सिंह, एनआईआईटी फाउंडेशन की पूजा सागर, रजत वर्मा, बूंदी सिंह, नवनीत ग्रेवाल, नूर मसीह आदि भी मौजूद रहे।

### वकील के साथ मारपीट , मुकदमा दर्ज

गजरौला गांव के पूर्व राशन डीलर के पुत्र ने अधिवक्ता के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। अधिवक्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के खाईखेड़ा खादर निवासी कृपाल सिंह से गांव निवासी शशिकांत ने एक वर्ष पूर्व राशन डीलर हाजरा पर कम राशन देने के सम्बंध में एक प्रार्थना पत्र लिखवाया था। तभी से हाजरा का पुत्र जुबैर अधिवक्ता रंजिश रखता है। आरोप है कि 05 जून को अधिवक्ता जब कचहरी जाने के लिये घर के बाहर खड़े थे तो जुबैर ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने जुबैर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पथराव व मारपीट के वीडियो वायरल के मामले में पुलिस ने 14 आरोपियों को किया न्यायालय में पेश

जागरण मोर्चा कार्यालय





पथराव के आरोपी पुलिस की पकड़ में।

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में राशन की दुकान को लेकर चल रही रंजिश में दो पक्षों में रविवार की दोपहर जमकर पतराव एवं मारपीट होने के बाद वीडियो वायरल के मामले में कोतवाली पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज न्यायालय के समक्ष पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाटुपुरा मैं राशन की दुकान को लेकर दो पक्षों में काफी दिनों से विवाद चल रहा था इस विवाद के चलते दोनों पक्षों ने तहसील कार्यालय पर भी धरना प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे थे, राशन की दुकान के विवाद के चलते रविवार की दोपहर को गांव में दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर पथराव और मारपीट हो गई, जिसकी किसी ग्रामीण द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई थी। पथराव एवं मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई और मौके पहुंचकर मामले को शांत कराया तथा दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस के द्वारा सोमवार को मुकदमे में दर्ज 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि बताया कि पथराव एवं मारपीट के मुकदमे में गांव बाटुपुरा निवासी रामपाल, मुखिया, सुखपाल, अरविंद, संजीव, रवि, तीरथ, मोहन, गजेंद्र, अरुण, रविंद्र, सुशील, इमरत और राजेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मची अफरा-तफरी, राजेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

जागरण मोर्चा कार्यालय



राहत कार्य में लगे सपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी । -जागरण मोर्चा

हसनपुर । आदमपुर क्षेत्र के कस्बा ढबारसी में वेदांता स्कूल के सामने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क से गुजर रहे कई राहगीर घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।इसी दौरान गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख एवं सपा नेता राजेंद्र सिंह खड़गवंशी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए घायलों की हालत देख तत्काल राहत कार्य शुरू कराया। ब्लॉक प्रमुख ने अपने सहयोगियों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकलवाया और बिना समय गंवाए उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। ब्लॉक प्रमुख की तत्परता और संवेदनशीलता की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि संकट की घड़ी में सपा नेता राजेंद्र सिंह खड़गवंशी ने जिस तरह तत्काल सहायता उपलब्ध कराई, उससे घायलों को शीघ्र उपचार मिल सका और उनकी जान बचाने में मदद मिली।हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, बाद में सामान्य कराया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक मोहल्ले में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ से पूर्व भक्तों द्वारा बड़े ही भव्य रूप से नगर के मुख्य मार्ग पर कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एवं उनके परिवार के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है, कथा के शुभारंभ से पूर्व इंदिरा चौक के निकट स्थित आवास से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई सरकारी अस्पताल के निकट स्थित उनके दूसरे आवास पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी, कलश यात्रा का नगर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। श्रीमद् भागवत कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज के द्वारा किया जाएगा। कलश यात्रा में अतुल कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा,अजय कुमार शर्मा,संजय कुमार शर्मा,अभिषेक भारद्वाज, सुमन शर्मा,उषा ठाकुर, दिव्या शर्मा,काजल वर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने दो चोरों को रंगे हाथ स्टार्टर चोरी करते पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए नलकूपों से स्टार्टर चोरी कर रहे दो चोरों को रंगे हाथ दबोच लिया, जबकि उनका एक साथी भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है।जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 8 बजे चोरों ने मिलक घेर निवासी ओम प्रकाश सिंह व दुर्जन सिंह और हथिया खेड़ा निवासी ठेकेदार ओंकार सिंह के यहां से तीन स्टार्टर चोरी कर लिए। इसी बीच ओंकार सिंह अचानक अपनी सीमेंट ईंट फेक्ट्री पर पहुंचे, तो उन्हें स्टार्टर गायब मिले। उन्होंने देखा कि कुछ युवक स्टार्टर लेकर भाग रहे हैं। शोर मचाने पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने घेराबंदी करके दो चोरों को मौके पर ही दबोच लिया। जबकि एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा।ग्रामीणों का कहना है कि, बीते 27 मार्च को भी क्षेत्र के पांच नलकूपों से स्टार्टर चोरी हुए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि किसानों की ओर से तहरीर मिल गई है। मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चोर। -जागरण मोर्चा

गुस्सा | किसानों की समस्याओं के विरोध में साइकिल यात्रा निकालकर जोरदार विरोध किया गया प्रदर्शन

# सपा छात्र सभा मैं साइकिल रैली निकाली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** समाजवादी पार्टी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष अनुज त्यागी के नेतृत्व में सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव रहरा से बूरावली तक पेपर लीक, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी एवं किसानों की समस्याओं के विरोध में साइकिल यात्रा निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया, यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की, जिन पर "पेपर लीक बंद करो", "युवाओं को रोजगार दो", "महंगाई पर रोक लगाओ", "किसानों की आय बढ़ाओ" जैसे जनहित से जुड़े संदेश लिखे हुए थे, इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुज त्यागी ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का भविष्य खतरे में है, महंगाई और बढ़ती ईंधन कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है तथा किसान अपनी उपज का उचित मूल्य न मिलने से परेशान हैं, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी छात्रसभा युवाओं, छात्रों, किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी, महंगाई ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है और किसान अपनी फसलों की लागत तक निकाल पाने में संघर्ष कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं, छात्रों, किसानों और आम जनता के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है।

समाजवादी पार्टी छात्रसभा इन जनसमस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा सड़क से लेकर सदन तक जनता की आवाज बुलंद करने का काम करेगी, साइकिल यात्रा के समापन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर युवाओं, छात्रों, किसानों एवं आम जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। यात्रा में हरीश कश्यप,रामौतार डीलर, जसवीर,प्रमोद, सचिन, अमरीश,अंकित, सुधीर, सुरेश, सुखपाल, मोहित, जयचंद, मुनाजिर, विजयपाल, बलराम, रोहित, कमलवीर, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# जेठानी ने देवरानी पर किया हमला, कान हाथ में लेकर अस्पताल पहुंची


जिला अस्पताल में इलाज करती पीड़ित मधु। -जागरण मोर्चा


कटा हुआ कान दिखता युवक। -जागरण मोर्चा

- पानी के विवाद में जेठानी ने देवरानी का कान काटा, खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंची पीड़िता
- उझानी के वसंत नगर में घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी (बदायूं)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव वसंत नगर में पानी भरने को लेकर देवरानी और जेठानी के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान जेठानी ने देवरानी पर हमला कर उसका कान काट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पीड़िता खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंची और पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव वसंत नगर निवासी मधु (22), पत्नी बंटी, रोज की तरह घर के उपयोग के लिए पानी भरने के लिए मोहल्ले के पोस्ट (हैंडपंप/नल) पर गई थी। इसी दौरान उसकी जेठानी शोभा भी वहां पानी भरने पहुंच गई। पानी भरने को लेकर दोनों के बीच पहले हल्की कहासुनी हुई, लेकिन देखते ही देखते विवाद ने गंभीर रूप ले लिया।

पीड़िता मधु का आरोप है कि जेठानी शोभा ने उसे गाली-गलौज करते हुए अपमानित करना शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो जेठानी ने आपा खो दिया और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोप है कि शोभा ने मधु पर हमला करते हुए उसका कान दांतों से काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को अलग कराया। इसके बाद परिजनों की मदद से घायल मधु को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। डॉक्टरों के अनुसार पीड़िता को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

घटना के बाद पीड़िता ने उझानी कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी। उसने आरोप लगाया कि उसे पहले भी छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित किया जाता रहा है और इस बार जानलेवा हमला किया गया है। पीड़िता ने आरोपी जेठानी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पानी की कमी के कारण अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है। गर्मी के मौसम में जल संकट और अधिक बढ़ जाता है, जिससे लोग पानी भरने के लिए एक ही स्रोत पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में छोटी-छोटी बातों पर झगड़े हो जाना आम बात है, लेकिन इस तरह की हिंसक घटनाएं चिंताजनक हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में पानी की बेहतर व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की शिकायत प्राप्त हो चुकी है और जांच शुरू कर दी गई है। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया था, हालांकि फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी विवाद की स्थिति में कानून का सहारा लेने की अपील की है। वहीं, पीड़िता न्याय की उम्मीद में प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रही है।

# यूरिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली खंती में पलटी, चालक की मौत

## अलापुर थाना क्षेत्र के गांव अभियासा के पास की घटना, तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली का टायर फटने से चालक का संतुलन बिगड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर यूरिया खाद लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली का टायर अचानक फट गया। जिससे ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर गहरी खंती में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

हादसा अलापुर थाना क्षेत्र में एमएफ हाईवे पर गांव अभियासा की समीप सोमवार तड़के हुआ। संभल जिले के थाना चंदौसी के गांव मोहम्मदपुर निवासी तालिब (33) पुत्र अशफाक यूरिया खाद से लदी ट्रैक्टर-ट्राली चंदौसी रैक प्वाइंट से लेकर कलान की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव अभियासा के पास पहुंचा,तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली एक टायर जोरदार आवाज के साथ फट गया। टायर फटते ही चालक तालिब का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे खंती में पलट गई। ट्राली में लदी खाद की बोरियों के नीचे चालक दब गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने जेसीबी व रस्सियों की मदद से ट्राली को हटाकर चालक को बाहर निकाला। आनन-फानन में घायल तालिब को म्याऊं सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अलापुर माधौ सिंह विष्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालक के परिजनों को घटना की सूचना दी। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। इंस्पेक्टर माधौ सिंह विष्ट ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह टायर फटना सामने आया है। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर हादसे की जांच शुरु कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है।परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार में मचा कोहराम

मृतक तालिब परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके असमय निधन की खबर मिलते ही मोहम्मदपुर गांव में मातम छा गया। पत्नी और दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

### युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**बदायूं।** बिनावर थाना क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसा बिनावर थाना क्षेत्र में बरेली-कासगंज रेलमार्ग पर उझौली गांव के पास हुआ। थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर निवासी हरिओम (24) पुत्र नेत्रपाल मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी करने के सिलसिले में वह करीब एक माह पूर्व मथुरा गया था। वह रविवार देररात अपने घर लौट रहा था। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि हरिओम मथुरा में बेलदारी करता था। तबियत खराब होने पर वह शनिवार को अपनी बहन सीमा निवासी गांव भगतानगला थाना सहसवान के घर आ गया था। रविवार दोपहर बाद वह बहन के घर से अपने घर जाने को निकला था। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।


मक्का पर बाइक फिसलने के बाद घायल पड़ा युवक। -जागरण मोर्चा

# मक्का पर फिसली बाइक, डंपर से बचने में युवक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के सैदपुर-बगरैन रोड पर सहावर मोड़ के पास सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सड़क पर सूख रही मक्का के कारण एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और घायल हो गया। जानकारी के अनुसार धर्मपुर (थाना विसौली) निवासी सरन अपनी नई बाइक से बगरैन की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक डंपर से बचने की कोशिश में उसने बाइक साइड में मोड़ी, जहां आधी सड़क पर मक्का फैली हुई थी।

मक्का पर पहुंचते ही बाइक फिसल गई और सरन बाइक के नीचे दबकर घायल हो गया। घटना के बाद टम्पर चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक सड़क किनारे पड़ा दर्द से कराहता रहा। उसी दौरान वजीरगंज की ओर से आ रहे आईरा के जिलाध्यक्ष ठाकुर वेदपाल सिंह ने अपनी गाड़ी रोककर मानवता का परिचय दिया। उन्होंने राहगीरों की मदद से घायल को बाहर निकलवाया, पानी पिलाया और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराई।

इसके बाद वेदपाल सिंह घायल युवक और उसकी नई बिना नंबर की बाइक को सुरक्षित बगरैन लाए, जहां उसका इलाज कराया गया और बाद में उसे उसके गांव धर्मपुर भिजवाया गया।

## सार संक्षेप


जल पिलाकर सेवा करते समाजसेवी लोग। -जागरण मोर्चा

### बगरैन में भीषण गर्मी के बीच निःशुल्क शीतल जल सेवा, नौवें दिन भी जारी

**बगरैन।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोग गर्म हवाओं से बेहाल नजर आ रहे हैं। ऐसे में आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) द्वारा बगरैन के आवला रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर नि:शुल्क शीतल जल सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो लगातार नौवें दिन भी जारी रहा। यह शिविर 1 जून से प्रारंभ हुआ है और प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक राहगीरों, मजदूरों और स्थानीय लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह सेवा पिछले तीन वर्षों से लगातार संचालित की जा रही है और इस वर्ष भी इसे 15 जुलाई तक जारी रखने की योजना है। इस पुण्य कार्य में आईरा टीम के साथ बगरैन व्यापार मंडल, भाजपा मंडल तथा स्थानीय समाजसेवियों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा 'प्याऊ' को भी जीवित रखता है। समाजसेवी सतीश भदौरिया ने बताया कि इस तरह की सेवा से लोगों को राहत मिलती है और यह कार्य धर्म व समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का विशेष महत्व है और इसी भावना के साथ यह शिविर संचालित किया जा रहा है। इस सेवा कार्य में आईरा जिलाध्यक्ष ठाकुर वेदपाल सिंह कठेरिया, समाजसेवी सतीश भदौरिया, व्यापारी अम्बूज सुमन, अरविन्द गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, मोहित चौहान और अवधेश प्रधान सहित कई लोगों का सक्रिय सहयोग रहा।

# मंदिरों की मुक्ति को लेकर सनातन बोर्ड की बैठक, पुजारियों के सशक्तिकरण पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक को संबोधित करती महिला। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** अखिल भारतीय सनातन बोर्ड की कार्यकारिणी बैठक रविवार को विजयनगर कॉलोनी स्थित संगठन के जिला मंत्री राकेश गुलाटी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक का आयोजन संयोजक देवेश शर्मा के आह्वान पर किया गया, जिसमें मंदिरों की मुक्ति, पुजारियों के अधिकार और धार्मिक संस्थाओं के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि पिछली बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर सहमति बनने के बाद कार्य अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श कर ज्ञापन पत्र तैयार कर लिया गया है। इस कार्य में विधि एवं न्याय विभाग के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। ज्ञापन पत्र में उत्तर प्रदेश सरकार से पुजारियों को शासकीय मानदेय देने, "उत्तर प्रदेश पुरोहित कल्याण समिति" के गठन, मंदिरों का पंजीकरण कराने, पुजारियों के लिए आवास, पहचान पत्र, पेंशन एवं बीमा योजनाएं लागू करने की मांग की गई है। इसके अलावा केंद्र सरकार से मांग की गई है कि मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण को संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन मानते हुए तत्काल समाप्त किया जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से यह भी मांग की कि मंदिरों को नियंत्रित करने वाले "हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्त अधिनियम" को अध्यादेश लाकर निरस्त किया जाए, ताकि मंदिरों का संचालन स्वतंत्र रूप से धार्मिक परंपराओं के अनुसार हो सके। बैठक के मुख्य अतिथि एवं प्रख्यात कवि महेश मित्र ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यदि इन मांगों को लागू किया जाता है, तो समाज में व्यापक और सकारात्मक

# बगरैन पुलिस की सख्ती से कस्बे में बढ़ी सुरक्षा, शाम की गश्त बनी असरदार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बगरैन।** कस्बे में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बगरैन पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। बगरैन चौकी इंचार्ज अखिल तोमर अपने समस्त स्टाफ के साथ प्रतिदिन शाम के समय कस्बे में नियमित गश्त कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

पुलिस की इस सतर्कता का असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। शाम होते ही चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ मुख्य बाजार, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल व वाहन से गश्त करते हैं। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाती है और आवश्यक पूछताछ भी की जाती है। पुलिस की सक्रियता से असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना हुआ है, जिससे आपराधिक गतिविधियों में कमी आई है।

गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज अखिल तोमर के साथ कांस्टेबल अर्जुन सिंह, विकास बैसला, अवधेश कुमार, राजकुमार अत्री और सावन कुमार भी पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाते हैं। पूरी टीम समन्वय के साथ काम करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की नियमित गश्त से उन्हें सुरक्षा का एहसास हो रहा है।

# दीवार काटकर जेवर व नगदी ले उड़े बदमाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फैजगंज बेहटा (बदायूं)।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव खेड़ादास में रविवार रात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैला दी। अज्ञात बदमाश मकान के पीछे से पक्की दीवार काटकर घर में घुस गए और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात तथा नगदी समेटकर फरार हो गए। हैरत की बात यह रही कि वारदात के समय पूरा परिवार घर के आंगन में सो रहा था, लेकिन चोरों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव खेड़ादास निवासी दिनेश सिंह के घर यह घटना हुई। पीड़ित ने बताया कि भीषण गर्मी और उमस के कारण परिवार के सभी सदस्य रात में कमरों में ताला लगाकर आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात अज्ञात चोर मकान के पिछले हिस्से में पहुंचे और कटर या अन्य औजारों की मदद से दीवार में सेंध लगा दी। इसके बाद बदमाश बेहद शातिर तरीके से कमरे के अंदर दाखिल हुए और वहां रखी अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर कीमती सामान खंगालने लगे।

चोरी के दौरान कमरे से कुछ आहट होने पर दिनेश सिंह के बेटे नीरज की पत्नी की नींद खुल गई। जब वह कमरे की ओर गईं तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गईं। अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे और कपड़े व अन्य सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था। जेवरों के खाली डिब्बे देखकर उन्होंने शोर मचाया, जिससे पूरे परिवार के साथ आसपास के लोग भी जाग गए। देखते ही देखते गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर करीब 50 हजार रुपये की नगदी के अलावा दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का टीका, दो चांदी की अंगूठियां और एक जोड़ी भारी पाजेब लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर यूपी-112 को बुलाया गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

सोमवार सुबह ओरछी चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई और जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। हालांकि अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस की रात्रिकालीन गश्त प्रभावी नहीं है।

# बटकेश्वर नाथ मढ़ी मेले के चौथे दिन उमड़ी भारी भीड़, झूला और मीना बाजार रहे आकर्षण का केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** बगरैन क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव पेपल स्थित सिद्धपीठ बाबा बटकेश्वर नाथ मढ़ी पर चल रहे पांच दिवसीय वार्षिक मेले के चौथे दिन श्रद्धालुओं और दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा बटकेश्वर नाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले के चौथे दिन मनोरंजन और खरीदारी का माहौल चरम पर रहा, जिसमें इस बार आए अत्याधुनिक और बड़े झूले बच्चों और युवाओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बने रहे और लोग अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करते दिखे। वहीं दूसरी ओर मीना बाजार में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने घरेलू सामान, सौंदर्य प्रसाधन, चूड़ियों और हस्तशिल्प के सामानों की जमकर खरीदारी की।




विरोध — 24 जून के धरना प्रदर्शन को लेकर तैयारी तेज

# पूर्व विधायक प्रतिनिधि के बयान से विद्युत कर्मचारियों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय


विरोध प्रदर्शन करते विद्युत कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** पूर्व विधायक प्रतिनिधि द्वारा विद्युत संविदा कर्मचारियों को लेकर दिए गए बयान के बाद क्षेत्र में कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के आह्वान पर 24 जून 2026 को लखनऊ स्थित शक्ति भवन पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए बिसौली में एक बैठक आयोजित की गई।

मदनलाल इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में विद्युत संविदा कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को जागरूक करना और अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर धरना प्रदर्शन में भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान कर्मचारियों ने बिसौली के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर के प्रतिनिधि मनोज शर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए बयान पर कड़ा विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना है कि इस प्रकार के बयान न केवल अपमानजनक हैं, बल्कि इससे मजदूर वर्ग का मनोबल भी गिरता है। संघ के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्युत संविदा कर्मचारी विषम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, ऐसे में उनके खिलाफ दिए गए बयान निंदनीय हैं।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि पावर कॉरपोरेशन ने अपने ही 15 मई 2017 के आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रदेशभर में करीब 25 हजार संविदा कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया है। उन्होंने बताया कि बिसौली डिवीजन से ही लगभग 120 कर्मचारियों को हटाया गया है, जिससे शेष कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। इसके कारण दुर्घटनाओं की संख्या में भी इजाफा हो रहा है।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल से 28 मई 2026 के बीच प्रदेश में 37 दिनों के अंदर 36 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 23 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 14 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद कॉरपोरेशन द्वारा इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

इस दौरान बैठक में अमर सिंह, धर्मेंद्र, जगदीश, धर्मवीर, रंजीत, प्रदीप कुमार, बिजेंद्र, रविंदर, अशोक, शिवम, रूपेंद्र, अरविंद, ललित और प्रदीप सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था पर पालिका की बड़ी कार्रवाई, मुख्य सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन कटा

- कूड़े के ढेर और बाधित जल निकासी की सूचना पर पालिका प्रशासन सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद ने शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब के खिलाफ कार्रवाई की है। पालिका प्रशासन ने उनका एक दिन का वेतन काटने के साथ ही 24 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त गंदगी और जल निकासी की समस्याओं की जानकारी मिली। पुलिस लाइन ग्राउंड के सामने, बरेली-चन्दौसी मार्ग, इन्द्रा चौक, कदीर मार्केट और नई सराय समेत कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे होने तथा नालों की सफाई नही होने की जानकारी मिली। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को पूर्व में भी कई बार सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने और जलभराव व बंद नालियों की शिकायतों का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने मोहम्मद तय्यब को निर्देशित किया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें तथा जिन क्षेत्रों में गंदगी और जल निकासी की शिकायतें सामने आई हैं, वहां तत्काल सफाई अभियान चलाकर व्यवस्था दुरुस्त कराएं।

पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर की सफाई और जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सम्पादकीय

## तृणमूल कांग्रेस में टूट और ममता की बढ़ती चिन्ताएं

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), जिसने पिछले डेढ़ दशक से बंगाल की राजनीति पर लगभग एकाधिकार स्थापित कर रखा था, आज आंतरिक असंतोष, नेतृत्व संबंधी प्रश्नों और जनविश्वास के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर असंतुष्ट नेताओं और विधायकों की गतिविधियों ने यह संकेत दिया है कि संगठनात्मक एकता में दरारें उभर रही हैं। यह स्थिति केवल किसी एक राजनीतिक दल का संकट नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में राजनीतिक मूल्यों, जनभावनाओं और नेतृत्व की भूमिका पर पुनर्विचार का अवसर भी है। राजनीति में इतिहास बार-बार यह प्रमाणित करता रहा है कि जब भी सत्ता के साथ अहंकार जुड़ता है, जनता अंततः उसका उत्तर देती है। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। चाहे वह इंदिरा गांधी का आपातकाल हो, पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन या दिल्ली में आम आदमी पार्टी का अंत या फिर उत्तर प्रदेश एवं बिहार की अनेक राजनीतिक घटनाएँ-हर जगह जनता ने यह संदेश दिया है कि सत्ता जनता की सेवा के लिए है, शासन के अहंकार के लिए नहीं। ममता बनर्जी को कभी संघर्षशील, जुझारू और जननेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने वामपंथी शासन के लंबे दौर को समाप्त कर बंगाल में परिवर्तन का नया अध्याय लिखा। किंतु समय के साथ उनकी राजनीति पर अहंकारवाद, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण के आरोप बढ़ते गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया का अत्यधिक केंद्रीकरण और कुछ व्यक्तियों का बढ़ता प्रभाव अनेक वरिष्ठ नेताओं को असहज करता रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों द्वारा प्रकाशित विश्लेषणों में भी यह प्रश्न उठाया गया है कि यदि किसी दल में संगठन से अधिक व्यक्ति महत्वपूर्ण हो जाए, तो वहां असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। हाल के घटनाक्रमों ने इस आशंका को और बल दिया है। जिस प्रकार पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता और विधायक नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति की भी है।

भारतीय राजनीति में हाल के वर्षों में आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले केजरीवाल को जनता ने ईमानदार, पारदर्शी और वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। लेकिन समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, विरोधियों के प्रति असहिष्णुता, राजनीतिक अहंकार और स्वयं को अजेय मान लेने की प्रवृत्ति उनके नेतृत्व पर हावी होती दिखाई दी। जनता ने देखा कि जो दल कभी राजनीतिक शुचिता और नैतिकता की बात करता था, वह भी सत्ता के उसी मोह और व्यक्तिकेंद्रित राजनीति का शिकार होता जा रहा है, जिसके विरुद्ध उसने संघर्ष प्रारम्भ किया था। परिणामस्वरूप दिल्ली की राजनीति में उसका प्रभाव कमजोर हुआ और जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र में कोई भी नेता अथवा दल जनता से बड़ा नहीं होता। यह घटना इस सत्य को पुनः स्थापित करती है कि जनता लंबे समय तक अहंकार, अतिशयोक्ति और आत्ममुग्धता को स्वीकार नहीं करती।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। जब किसी दल का नेतृत्व स्वयं को संगठन और जनता से ऊपर मानने लगता है, तब असंतोष जन्म लेता है, कार्यकर्ता दूर होने लगते हैं और अंततः राजनीतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इतिहास बताता है कि लोकतंत्र में विनम्रता, संवाद, जनभावनाओं का सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता ही स्थायी राजनीतिक सफलता की कुंजी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक दल की शक्ति उसके विचार, संगठन और कार्यकताओं में होती है, न कि केवल एक नेता में। जब दल विचारधारा की बजाय व्यक्तिपूजा पर आधारित होने लगते हैं, तब उनका संकट निश्चित हो जाता है। भारतीय राजनीति में अनेक उदाहरण हैं जहाँ परिवारवाद ने दलों की जड़ों को कमजोर किया। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के पीछे भी नेतृत्व और उत्तराधिकार से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण रहे। बंगाल में भी इसी प्रकार की चचाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के सामने दूसरा बड़ा संकट उसकी सार्वजनिक छवि का है। शिक्षक भर्ती, नगर निकायों तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े विवादों ने जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए हैं। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास होता है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही कम हो रही है, तो राजनीतिक नुकसान होना स्वाभाविक है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में लंबे समय से चल रही पहचान, नागरिकता, सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ से जुड़ी बहसों ने भी राजनीतिक वातावरण को प्रभावित किया है। भारतीय जनता पार्टी ने इन मुद्दों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। भाजपा का तर्क रहा है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए और किसी भी प्रकार की तुष्टिकरण की राजनीति अंततः समाज को विभाजित करती है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा ने अपनी राजनीतिक रणनीति को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और सुशासन के मुद्दों पर केंद्रित किया। भाजपा की बंगाल यात्रा भी अपने आप में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक अध्ययन का विषय है। कभी केवल दो सीटों तक सीमित रहने वाली पार्टी आज राज्य की सत्ता शक्ति बन चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ। इसके पीछे वर्षों का संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकताओं का निर्माण, राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता तथा स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने की रणनीति रही है। भाजपा ने बंगाल में यह संदेश देने का प्रयास किया कि वह केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि वैचारिक विकल्प भी है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि केवल राष्ट्रवाद या धार्मिक पहचान के आधार पर किसी दल की स्थायी सफलता सुनिश्चित नहीं होती। लोकतंत्र में जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा भी चाहती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए आवश्यक है कि वह राष्ट्रीय भावना के साथ-साथ जनकल्याणकारी नीतियों को भी प्राथमिकता दे।

## राष्ट्र सुरक्षा का नया अध्यायः मोदी युग के निर्णायक 12 वर्ष



■ शिवप्रकाश

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 जून को संवैधानिक चुनाव पद्धति से चयनित सबसे अधिक कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री हो जायेंगे। मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का 4398 दिनों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर 4399 दिन अपनी देश सेवा के पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों के कार्यकाल को जोड़कर 25 वर्षों के साथ ही 9007 दिनों की अनवरत राष्ट्र सेवा को भी पूर्ण करेंगे। यह उत्साही, अविश्रांत, अनथक कर्मयोगी की यात्रा है।

देश के विकास के लिए अनेक कीर्तिमान गढ़ने वाले कठोर निर्णयों के लिए तो 12 वर्षों का उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा ही साथ-साथ देश की सुरक्षा के लिए भी उनके योगदान और भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उन्होंने आतंकवाद से प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। 13 जून 2014 को भारतीय सेना के साउथ ब्लॉक में स्थित रक्षा वॉर रूम में सेना उच्च अधिकारियों के साथ संवाद एवं रक्षा तैयारियों की समीक्षा कर ही अपनी सुरक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट कर दिया था। जब समस्त देश दीपावली पर दीपों से अपने-अपने घरों को प्रकाशमान करता है तब प्रधानमंत्री सीमा पर सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच में उपस्थित रहकर देश उनके साथ है ऐसा संदेश देते हैं। सियाचिन से प्रारंभ कर 12 वर्षों में 12 स्थानों पर जाकर उन्होंने अपनी सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है।

आचार्य चाणक्य ने राष्ट्र की सुरक्षा के संदर्भ में कहा था कि 'मजबूत सेना के बिना राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। 1962 में चाइना युद्ध में हमारी पराजय तथा 1964 में चाइना के परमाणु परीक्षण के बाद निर्मित निराशाजनक स्थिति से उबारने के लिए भारत को भी परमाणु शक्ति युक्त होना चाहिए, यह मांग जनसंघ ने 4 दिसम्बर 1964 को पटना अधिवेशन में की थी। तब कांग्रेस सहित समस्त दलों ने इस माँग का उपहास किया था। जनसंघ के इसी संकल्प की पूर्ति को 11 मई 1998 को प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने पोखरण विस्फोट कर पूर्ण किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद 2014 में रक्षा विभाग का बजट 2.27 लाख की तुलना में 3 गुना 7.85 लाख करोड़ हो गया। आज हम 100 से अधिक देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेच रहे हैं। अब हमारा निर्यात में 2014 की तुलना में 686 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 38424 करोड़ अर्थात 56 गुना वृद्धि हुई है। अब हम हाइपर सोनिक मिसाइल, ब्रह्मोस, बैलिस्टिक मिसाइल, एयर डिफेन्स एवं रडार सिस्टम को ध्वस्त करने वाले रुद्रम -2, प्रलय, आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल बना रहे हैं। भारत का स्वदेशी आईएनएस विक्रांत, राफेल, एस-400 विमानों से हम युक्त हैं। आर्मेनिया ने येरेवान रिपब्लिक स्क्वायर में भारत में बनी 'आकाश' एयर डिफेन्स मिसाइल एवं पिनाका रॉकेट लौनचर्स का प्रदर्शन भारतीयों को मस्तक ऊँचा करता हैं। 15 अगस्त 2025 को लाल किला से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'स्वदेशी क्षमताओं, मेड इन इंडिया हथियारों ने सिद्ध किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी निर्भरता पर नहीं टिक सकती।' इसी का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने 22 मिनट में ही सभी निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर किए थे। 72000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक समृद्धि, सामुद्रिक रणनीति एवं सुरक्षा का आधार बनेगी।



सेना में स्वदेशी रक्षा उत्पाद, रक्षा बजट में वृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा पर सफलता प्राप्त करना ऐतिहासिक कदम है। 2014 से पूर्व पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद चरम पर था। केवल कश्मीर ही नहीं देश का कोई शहर सुरक्षित नहीं था। मुंबई, जयपुर, दिल्ली, काशी सहित अनेक आतंकी घटनाएं आज भी हमको विचलित करती हैं। सुरक्षाबलों को आधुनिक शस्त्र, बुलेट प्रूफ जैकेट, टेरर फंडिंग पर रोक हेतु 'NO MONEY FOR TERROR' जैसे कड़े कदम , FATF के माध्यम से वित्तीय दबाव के साथ सर्जिकल एवं बालाकोट एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने का कार्य किया। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में स्थापित आतंकी केंद्रों का सफाया एवं पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र को ध्वस्त किया। 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय कर देश की एकात्मता को सुदृढ़ किया है।

इस ऐतिहासिक दिन को देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व स्मरण करेगा जब हमने कहा कि 31 मार्च 2026 वामपंथ प्रेरित नक्सलवाद से हम मुक्त हो रहे हैं। 2024 में 126 जिले नक्सलवादी आतंक से युक्त थे। 2024 में ही केवल 290 नक्सली मारे गए। 1090 गिरफ्तार हुए। 881 ने आत्मसर्पण कर भारत की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प किया। अब बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है।

घुसपैठिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुरक्षा के लिए खतरा एवं जनसांख्यिकी असंतुलन निर्माण कर रहे हैं। भारत सरकार ने इस संकट से उबरने के लिए 'डिटेक्ट, डिलीट, डिपोर्ट' नीति के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की है। सीमा की निगरानी को सख्त किया है। बंगाल भाजपा विजय के पश्चात् बांग्लादेशी घुसपैठियों की बांग्लादेश की ओर वापसी की लाइन हम देख रहे हैं। 15,106 किलोमीटर सीमा 'सोती रेखा से जागती दीवार' लक्ष्य में Laser Wall, Vibration sensors, Night vision camera का उपयोग हो रहा है। सीमा सुरक्षा के लिए 49% बजट वृद्धि कर 5597 करोड़ निर्धारित किया गया है।

अदृश्य युद्ध के माध्यम से भारत की साइबर सुरक्षा को चुनौती देने का कार्य भारत विरोधी शक्तियां कर रही हैं। राज्यसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार भारत ने लगभग 54 लाख साइबर शिकायतों एवं 31594 करोड़ रुपयों के ठगी के प्रयासों का सामना करने में भारत सफल रहा। भारत सरकार ने 2024 में साइबर कमांडो व्यवस्था निर्माण का साइबर सुरक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है। DCYA (DEFENCE CYBER AGENCY) एवं IyC के माध्यम से समन्वय कर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रयास हो रहा है। देश को नशामुक्त बनाने हेतु व आतंकवाद जैसी समस्याओं के आय के प्रमुख स्त्रोत ड्रग्स के गैर कानूनी व्यापार पर करारा प्रहार करते हुए लगातार उनको जब्त किया जा रहा है। 2024 में ही 25,330 करोड़ रुपये के ड्रग्स की जब्ती इस बात का पुख्ता प्रमाण है।

सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान सीमावर्ती गाँव में बसे ग्रामीणों का रहता है। उनके मन में अपने प्रति उपेक्षा भाव न रहे इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 में कहा, 'ये अंतिम गाँव नहीं, भारत माँ के प्रथम गाँव है। VVP (VIBRANTVILLAGES PROGRAM) PHASE 1 -2 के अंतर्गत 4121 गाँवों के विकास के लिए लगभग 11639 करोड़ का बजट निर्धारित किया है जिसके द्वारा मौसम अनुकूल सड़क (ALL WEATHER ROAD), सौर ऊर्जा, मोबाइल कनेक्टिविटी, शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यटन का ढांचा खड़ा किया जा रहा है। 2023 में लालकिला के मैदान में 600 सीमावर्ती गाँवों के सरपंचों की सहभागिता ने सीमा एवं दिल्ली का संगम कर दिया है।

अपने पंच प्रण के संकल्प में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का आह्वान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसका अनुपालन करते हुए ओपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति एवं भारतीय स्वाभिमान में वृद्धि के अनेक प्रयास हुए हैं। IPC, CRPC की धारायें अब भारतीय न्याय संहिता हो गई है। राजपथ अब कर्तव्यपथ, 7 रेस कोर्स रोड-7 लोक कल्याण मार्ग, प्रधानमंत्री कार्यालय- सेवा तीर्थ एवं राजभवन- लोकभवन हो गए हैं। CDS की नियुक्ति ने तीनों सेनाओं में समन्वय किया है। नेवी का प्रतीक चिन्ह अब ब्रिटिश दासता का स्मरण नहीं छत्रपति शिवाजी का स्मरण कराता, तिरंगे में अष्टकोणीय चिन्ह के साथ शिवाजी की राजमुद्रा से अंकित एवं वेद मंत्र 'शं नो वरुणः 'एवं अशोक स्तम्भ का स्मरण कराता है। गणतंत्र दिवस के पश्चात् सेना द्वारा आयोजित बीटिंग रिट्रीट परेड में अब अंग्रेजी धुन नही प्रसिद्ध गायिका स्वर्गीय लता मंगेशकर द्वारा रचित देशभक्ति गीत 'ए मेरे वतन के लोगो' ने स्थान ले लिया है। सेना में महिला सहभागिता, सैनिक स्कूलों में वृद्धि एवं अग्निवीर योजना से सुरक्षा तंत्र में समाज की सहभागिता बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के ऐतिहासिक सुरक्षा के प्रति किए गए निर्णय सदैव स्मरण किए जाएंगे। राष्ट्र की संप्रभुता, आर्थिक विकास, शांति सभी के लिए सुरक्षा अनिवार्य शर्त है। सुरक्षा के प्रति किए गए उपायों का ही परिणाम है कि आज देश गरीब कल्याण, ढांचागत एवं आर्थिक विकास कर अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करते हुए विश्व में अपना गौरवपूर्ण स्थान बना रहा है। भारत सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए 2047 तक 'विकसित भारत' के अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल हो, यह सभी नागरिकों का संकल्प बनना चाहिए।

## जिमखाना ही नहीं राष्ट्रपति भवन खाली करने के प्रस्ताव भी रहे

राजधानी के विशिष्ट संपन्न लोगों के जिमखाना क्लब खाली करने के नोटिस पर इनदिनों कुछ नामी लोगों ने बचाव में उसकी तुलना राष्ट्रपति भवन की ऐतिहासिक हेरिटेज महत्ता से कर दी। तो मुझे ध्यान आया कि सचमुच वर्षों पहले राष्ट्रपति भवन को खाली करने का प्रस्ताव भी शहरी विकास कल्याण मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के बीच चलता रहा है। चौंकिए नहीं, तथ्यों की पुष्टि सरकारी दस्तावेजों से हो सकती है। हाँ यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यकाल में नहीं आया। ऐसा प्रस्ताव किसी कम्युनिस्ट नेता या किसी आंदोलनकारी संगठन ने नहीं रखा। देश के सर्वोच्च पद पर बैठे महामहिम राष्ट्रपति ने स्वयं यह प्रस्ताव किया। उनका तर्क था कि लोकतान्त्रिक गांधीवादी राष्ट्र भारत के राष्ट्रपति को ब्रिटिश राज वाले बड़े भारी भवन में नहीं रहना चाहिए। वह किसी अन्य बड़े बंगले में रह सकते हैं।



■ आलोक मेहता

यह बात इसलिए मुझे ध्यान में आई, क्योंकि मार्च 1978 में मैंने साप्ताहिक हिंदुस्तान (हिंदुस्तान टाइम्स प्रकाशन) के राजनीतिक संवाददाता के रूप में तत्कालीन राष्ट्रपति के इस प्रस्ताव पर करीब तीन पेज की लम्बी विशेष रिपोर्ट 'राष्ट्रपति भवन : बिगुल बजे या न बजे!' शीर्षक से लिखी थी। प्रकशित लेख की प्रति आज भी मेरी फाइल्स में है। भारत का राष्ट्रपति भवन केवल एक सरकारी निवास नहीं बल्कि भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा प्रतीक माना जाता है। बहुत कम लोगों को पता है कि 1977-78 में ऐसा समय भी आया जब राष्ट्रपति को राष्ट्रपति भवन से हटाकर किसी छोटे भवन में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शहरी विकास मंत्री के बीच फाइल घूमती रही। 1977 का वर्ष भारतीय राजनीति में बड़े बदलाव का वर्ष था। आपातकाल समाप्त हुआ, सत्ता बदली और पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। इस नए राजनीतिक वातावरण में बड़े सरकारी खर्च, औपनिवेशिक विरासत और सत्ता के प्रतीकों पर सवाल उठने लगे। इसी माहौल में यह प्रश्न उठा कि क्या दुनिया के सबसे बड़े सरकारी आवासों में गिने जाने वाले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति का रहना उचित है? राष्ट्रपति भवन मूल रूप से ब्रिटिश वायसराय के निवास के रूप में बनाया गया था। इसमें लगभग 340 कमरे हैं और यह विशाल परिसर में फैला हुआ है। इसे औपनिवेशिक शक्ति प्रदर्शन के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता रहा है। इतने विशाल परिसर के रखरखाव पर भारी सरकारी खर्च होता था। सादगी और मितव्ययिता की राजनीति करने वाले वरिष्ठ नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या यह खर्च उचित है? कुछ नेताओं का मानना था कि स्वतंत्र भारत को ब्रिटिश साम्राज्य की विरासत वाले भव्य प्रतीकों से दूरी बनानी चाहिए। कुछ विचार यह भी सामने आए कि इतनी विशाल इमारत को संग्रहालय, राष्ट्रीय संस्थान, सार्वजनिक उपयोग या अन्य सरकारी कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।



जनता पार्टी की सरकार लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में भारी जन समर्थन से सत्ता में आई थी। राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी, प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, गृह मंत्री चौधरी चरण सिंह, रक्षा मंत्री जगजीवन राम सभी गांधीवादी आदर्शों की बातें कर रहे थे। सबसे पहले मेरा ध्यान संसद के संयुक्त अधिवेशन के उद्घाटन के लिए अभिभाषण करने के लिए राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने बग्गी में आने की पुरानी परम्परा त्याग छह दरवाजों वाली पुरानी कार से संसद पहुंचे। इस तथ्य के साथ मैंने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि संसद के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रपति के आगमन के समय तुमुलनाद नहीं किया गया। मैं 1972 से संसद की रिपोर्टिंग करता रहा था। इसलिए जानता था कि परम्परा के अनुसार राष्ट्रपति के प्रवेश के ठीक पहले सेन्ट्रल हाल के ऊपर की गैलरी से दो बिगुल वादक बिगुल बजा उनके आने की सूचना देते हैं। लेकिन पता चला यह बिगुलवादन बंद कराने का आदेश स्वयं राष्ट्रपति ने दिया था। तभी मैंने रिपोर्ट का शीर्षक बिगुल बजे, न बजे दिया।

इसी कड़ी में यह बात सामने आई कि राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने स्वयं यह प्रस्ताव आगे बढ़वाया कि इस भव्य भवन के बजाय भारत के राष्ट्रपति किसी छोटे बंगले में रह सकते हैं। गांधीवादी मोरारजी देसाई ने भी पहले इस बात को उचित मान पसंद किया। तब विभिन्न सम्बंधित मंत्रालयों के बीच यह फाइल चली कि राष्ट्रपति किस बंगले में रह सकते हैं। कई विकल्पों में एक इण्डिया गेट के पास हैदराबाद हाउस का भी था। इस प्रस्ताव पर अंदरूनी जानकारी लेने के प्रयास में मुझे पता चला कि असल में आजादी से ठीक पहले 28 जुलाई 1947 को महात्मा गाँधी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू और वाइसराय लार्ड लुइस माउंटबेटन को पत्र लिखकर यह आग्रह किया था कि 'स्वाधीन भारत का राष्ट्राध्यक्ष छोटे भवन में रहना चाहिए।' लेकिन पंडित नेहरू और माउंटबेटन ने इस सलाह पर अपनी असहमति व्यक्त कर दी। मामला टल गया। 1977 के चुनाव भी एक तरह से जनतांत्रिक क्रांति और बदलाव के थे। इसलिए प्रस्ताव पर विचार होने लगा। लेकिन सबसे बड़ी कठिनाई सुरक्षा व्यवस्था और विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ होने वाले समारोह, बैठकों आदि की बताई गई। नतीजा यह हुआ कि प्रस्ताव क्रियान्वित नहीं हो सका। बहरहाल, वर्तमान सन्दर्भ में तो सुरक्षा कारणों से राष्ट्रपति भवन केवल संग्रहालय नहीं बन सकता। लेकिन यदि देश के सर्वोच्च पद पर बैठे नेता अपने कार्यालय बदलने को तैयार हो सकते थे, तो उसी परम्परा वाले सरकारी सेवाओं, सेना में रह चुके अपने को महान समझने वाले अधिकारी और देश के प्रभावशाली सम्पन्न लोग क्या अपने क्लब के स्पोर्ट्स मनोरंजन के केंद्र, शराबखाना (बार) लंच डिनर की यादगार कुर्सियां टेबल (यदि अन्य बड़े क्लबों की तरह बैड आदि हो) किसी अन्य बिल्डिंग में नहीं ले जा सकते हैं? वैसे अब यह विवाद शायद सम्मानित सर्वोच्च अदालत से ही सुलझेगा।

हाँ इसी सन्दर्भ में 1978 की रिपोर्ट के एक अन्य तथ्य की याद दिलाना उचित लगता है। इस रिपोर्ट में मैंने पंडित नेहरू के निधन के बाद प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा तीन मूर्ति भवन को नेहरू संग्रहालय बनवाने और स्वयं अपने लिए पहले से मिले हुए 10 जनपथ वाले छोटे बंगले में रहने के निर्णय का उल्लेख किया था। 10 जनपथ नई दिल्ली के लुटियंस जोन का एक सरकारी बंगला है। यह ब्रिटिश काल में बने सरकारी बंगलों की श्रृंखला का हिस्सा था, जिनका निर्माण मुख्य रूप से 1920-30 के दशक में हुआ। दिलचस्प बात यह है कि 1964 से अब तक 10 जनपथ सत्ता के गलियारों में सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित रहा है। विडम्बना यह है कि शास्त्रीजी के बहुत जल्द असामयिक निधन के बाद उनका परिवार कुछ वर्ष इस बंगले में रहा और बाद में कांग्रेस नेतृत्व के करीबी मंत्रियों और अधिकारियों ने' इस बंगले के एक हिस्से को अलग 1 मोतीलाल नेहरू मार्ग बनाकर लालबहादुर शास्त्री स्मृति संग्रहालय नाम दे दिया। मुख्य बंगले में प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद राजीव गांधी और फिर सोनिया गाँधी तथा परिवार रहने लगा। सांसद बनने से पहले राहुल गांधी भी 10 जनपथ में रहे। सत्ता का केंद्र रहने के कारण ही' कांग्रेस राज में 24 अकबर रोड और उससे जुड़ा बंगला कांग्रेस पार्टी मुख्यालय की तरह उपयोग में आता रहा। एक दिलचस्प बात यह है कि सरकारी रिकार्ड्स के अनुसार सन 2020 तक 10 जनपथ बंगले का किराया मात्र 4610 रुपये महीना रहा है। फिर भी कुछ वर्षों तक इसका किराया न चुकाए जाने के विवाद मंत्रालयों के साथ मीडिया में आते रहे। जिमखाना की जमीन का किराया समय पर न देने और करोड़ों के बकाए का विवाद चलता रह सकता है।

(लेखक पद्मश्री सम्मानित वरिष्ठ संपादक हैं)

कलम से...



आनन्द प्रकाश गुप्ता

## टीईटी अनिवार्यता : संघर्ष का पता - जी-7, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली

### पिछले अंकों में आपने पढ़ा–

1- सुप्रीम कोर्ट का टीईटी अनिवार्यता पर फैसला : आखिर शिक्षकों की क्या गलती थी?
2- पोस्टमार्टम : टीईटी विवाद में आखिर दोषी कौन?
3- टीईटी अनिवार्यता : अब संघर्ष नहीं, संवाद ही सही रास्ता
4- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से आगे : किसने रचा यह षड्यंत्र?

### अगले अंक में –

टीईटी अनिवार्यता : शिक्षकों के पक्ष में क्या कर सकता है एनसीटीई?



उपरोक्त अंकों में यह स्पष्ट हो चुका है कि टीईटी अनिवार्यता विवाद की जड़ में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) द्वारा वर्ष 2017 में जारी किए गए प्रावधानों का समुचित प्रचार-प्रसार और प्रभावी अनुपालन न होना प्रमुख कारण रहा है। NCTE का मुख्यालय जी-7, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली में स्थित है।

दिनांक 17 अक्टूबर 2017 के राजपत्र के बिंदु संख्या 2 के अंतिम वाक्य में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि– "इस नियम को पूर्वव्यापी प्रभाव से घोषित करने से किसी भी व्यक्ति के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।"

आज जब देशभर के लाखों शिक्षक टीईटी अनिवार्यता के कारण असमंजस और चिंता की स्थिति में हैं, तब यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या वास्तव में किसी के हित प्रभावित नहीं हुए? यदि नियम का उद्देश्य शिक्षकों को अवसर देना था, तो इसकी जानकारी प्रत्येक शिक्षक तक समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पहुँचाना भी संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी थी।

यदि वर्ष 2017 में ही यह स्पष्ट रूप से बता दिया जाता कि सेवा में बने रहने के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा, तो शिक्षक समय रहते तैयारी कर सकते थे। कई शिक्षक उस समय अपनी छात्रावस्था के अधिक निकट थे और परीक्षा की तैयारी की दृष्टि से बेहतर स्थिति में थे। आज लगभग नौ वर्ष बाद परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। गैर-शैक्षणिक कार्यों का दबाव बढ़ा है, परीक्षा का स्वरूप भी अधिक चुनौतीपूर्ण हुआ है और आयु के साथ अध्ययन की निरंतरता भी प्रभावित हुई है। यद्यपि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षकों को पुनः अवसर प्रदान किया है, फिर भी यह तथ्य अपनी जगह बना हुआ है कि समय का जो नुकसान हो चुका है, उसकी भरपाई संभव नहीं है।

सामान्यतः जिस संस्था के निर्णय अथवा कार्यप्रणाली से कोई समस्या उत्पन्न होती है, उसके समाधान में भी उसी संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए अब आवश्यक है कि देशभर के शिक्षक अपनी बात संगठित और लोकतांत्रिक तरीके से ठउळए तक पहुँचाएँ तथा यह अपेक्षा करें कि परिषद इस विषय में शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु सकारात्मक पहल करे।

# राममंदिर चंदा गबन के मामले में आमने-सामने आई सपा और भाजपा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दानपात्र से कथित गबन का मुद्दा गर्मा गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर अफवाह फैलाना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा है कि उनकी सोच बाबरवादी है। वहीं, समूचे विपक्ष ने देश के सामने जांच कर रिपोर्ट रखने की मांग की है। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक बार फिर मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के बयान पर सवाल उठाए हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने एक्स पर लिखा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कभी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान नहीं किया। उनकी सोच बाबरवादी है। श्रीराम मंदिर निर्माण से पूर्व भूमि पूजन पर भी आपके (अखिलेश यादव के) कोई शब्द नहीं निकले। जब अयोध्याधाम में भव्य वास्तुकला मूर्त रूप ले रही थी, तब भी आप शांत रहे। प्रभु श्रीराम का विग्रह स्थापित होने पर भी कोई स्वागत नहीं किया।

ब्रजेश पाठक आगे लिखते हैं कि अखिलेश अब श्रीराम मंदिर को लेकर अफवाह फैला कर झूठ गढ़ने का असफल प्रयास कर रहे हैं। भारत दुनिया में सनातन संस्कृति का वाहक राष्ट्र है। अखिलेश यादव अपनी सोच को सनातन संस्कृति के विरुद्ध न करें। आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी को पुनः मुंह की खानी पड़ेगी। आपके झूठ का नेरेटिव कभी सफलता तक नहीं पहुंचेगा। प्रदेश के लोग सपा की कारगुजारियों को अच्छी तरह से समझ चुके हैं।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राम मंदिर चंदा चोरी का प्रकरण गंभीर है। इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। सफाई देने के बजाय जांच रिपोर्ट देश की जनता के सामने रखी जाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राम मंदिर में पूर देश के लोगों ने चंदा दिया है। यह लोगों की आस्था से जुड़ा मसला है। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चंदा चोरी किन परिस्थितियों में हुई और इसमें किन लोगों की संलिप्तता है, इसे उजागर किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि लोगों की आस्था के प्रति जरा भी सम्मान है तो राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर हकीकत से प्रदेश व देश की जनता को वाकिफ कराएं।

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में देश के संसाधनों और जनता के अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। पार्टी लगातार राम मंदिर के दान पात्र में गड़बड़ी का सवाल उठा रही है। पहले भाजपा नेता इन आरोपों को झूठ बताते थे। अब चढ़ावे की चोरी के मामले में गिरफ्तारियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और ट्रस्ट को देश के सामने जवाब देना चाहिए। करोड़ों रामभक्तों की कमाई की सुरक्षा ट्रस्ट की जिम्मेदारी है। भाजपा राम के नाम पर वोट मांगती है, पर सवालों पर चुप रहती है, जिससे संदेह बढ़ता है। अखिलेश यादव ने श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के उस बयान पर लगातार दूसरे दिन सोमवार को टिप्पणी की। चंपत राय ने रविवार को कहा था कि ऑडिट में कोई उल्लेखनीय अनियमितता नहीं मिली है। इस पर अखिलेश यादव ने सोमवार को एक्स पर लिखा है कि उल्लेखनीय बात तो है। इसके पक्ष में उन्होंने मीडिया में आ रहीं दानपात्र में गबन, 4 संदिग्ध दबोचने और सीसीटीवी से खुला राज संबंधी खबरों का जिक्र अपने एक्स एकाउंट पर किया है।

## सार संक्षेप

### आर्थिक प्रकोष्ठ का सह संयोजक बनने पर भाजपाइयों में खुशी का माहौल


वरुण अग्रवाल।

**खटीमा।** वरिष्ठ भाजपा नेता वरुण अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ का सहसंयोजक बनाया गया है। वरुण अग्रवाल के आर्थिक प्रकोष्ठ का सहसंयोजक बनाए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया है। युवा नेता बरुण अग्रवाल ने कहा कि 2027 के चुनाव में धाकड़ धामी उत्तराखंड में पुन सरकार बनाएंगे। उन्होंने संगठन द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित करने के कार्यों की सराहना करते हुए आम जनता में इसका अच्छा संदेश बताया गया है। वरुण अग्रवाल के इस मनोहर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नंदन सिंह खड़ा है संतोष अग्रवाल अमित कुमार पांडे अशोक बत्रा नरेंद्र बिष्ट, भुवन जोशी, गोपाल बोरा, नवीन बोरा, हिमांशु बिष्ट किशोर जोशी दीपक तिवारी आदि कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है।

### उप जिला चिकित्सालय के डॉ. अकलीम ने मलेशिया से कांस्य पदक जीता


उप जिला चिकित्सालय के डॉ अकलीम का फूल माला पहना कर किया भव्य स्वागत।

**खटीमा।** उपजिला चिकित्सालय के बरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अकलीम ने कुआलालंपुर मलेशिया में खेले गए सेकंड पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप फुटबॉल मैच में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। डॉ अकलीम ने उत्तराखंड दिव्यांग सशक्तिकरण एसोसिएशन की टीम की ओर से प्रतिभाग किया था। मलेशिया से विजयी होकर वापस लौटने पर डा अकलीम व उनके साथियों का भव्य स्वागत किया गया। विजयी टीम को फूल मालायें पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान संगठन के प्रदेश प्रवक्ता इकरार हुसैन अंसारी, डीएम कमेटी LLC सदस्य मोहम्मद यासीन कुरैशी, विशाल कुमार, उमर सिद्दीकी, पप्पू कुरैशी, इमरान, बाबा नेहाल सिंह, इरफान, लड्डन, अनीस, अफजल, सलमान अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों ने दरवाजा खोला तो खून से लथपथ मिला मां का शव, दूसरे कमरे में पिता बेसुध हालत में; वजह अभी साफ नही

**लखनऊ।** लखनऊ के माल इलाके के आजादनगर गांव में सोमवार जितेंद्र प्रताप सिंह ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर अपनी पत्नी मोनिका (45) की हत्या कर दी। आरोपी वारदात के बाद दूसरे कमरे में बेसुध मिला। उसे गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने पत्नी की हत्या क्यों की, इसका पता नहीं चल सका है। मूलरूप से रायबरेली के खीरों के अजीतपुर निवासी दोपहर सेवानिवृत्त दरोगा चंद्रभूषण कई वर्षों से माल के आजादनगर में परिवार के साथ रहते हैं। उनके अनुसार, घटना के समय घर में केवल बेटा जितेंद्र और बहू मोनिका थे। उनके दोनों पोते अंशुमान और अभिमन्यु सीएमओ कार्यालय किसी काम से गए थे। दोपहर में भोजन करने के बाद वह टहलने चले गए थे। लौटने पर वह घर के बाहर बनी बैठक में बैठ गए। कुछ देर बाद दोनों पोते भी आ गए। दोनों घर के अंदर पहुंचे तो मां के कमरे की कुंडी बाहर से बंद मिली। बड़े बेटे अंशुमान ने कुंडी खोली तो खून से लथपथ मां का शव फर्श पर मिला। कमरे में चारों ओर खून बिखरा हुआ था। जितेंद्र दूसरे कमरे में बेसुध हालत में मिला। कमरे में उल्टी और गंदगी भी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जितेंद्र को सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# प्रदेश में अब और सटीक तरीके से मिलेगी मौसम की जानकारी

## कई जिलों में बनाए जाएंगे ऑटोमैटिक केंद्र, प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान से बचेंगे अन्नदाता

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन को नई मजबूती देने के लिए लखनऊ के मौसम विज्ञान केंद्र को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के रूप में अपग्रेड कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को इसका शुभारंभ किया।

इस केंद्र को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का अधिकार क्षेत्र प्राप्त होगा। रीजनल कमांड सेंटर का दर्जा मिलने से यूपी के गंगा के घनी आबादी वाले मैदानी क्षेत्रों समेत उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मौसम की निगरानी, सटीक पूर्वानुमान और समयबद्ध पूर्व चेतावनी सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र किसानों को मौसम की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने, आकाशीय बिजली, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश की 11 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि वाला उत्तर प्रदेश फिलहाल 21 प्रतिशत खाद्यान्न ही उत्पादन करता है। बारिश, ओलावृष्टि, अतिवृष्टि और अनावृष्टि की समय पर सटीक जानकारी मिले तो प्रदेश के पास देश के 35 प्रतिशत खाद्यान्न उत्पादन की क्षमता है। प्रदेश का यह उच्चीकृत मौसम विज्ञान केंद्र किसानों की आय बढ़ाने और फसलों को नुकसान से बचाने व आपदा प्रबंधन में मददगार साबित होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 12 वर्ष में मौसम पूर्वानुमान की सटीकता में बड़ा सुधार हुआ है। अब अर्ली वार्निंग सिस्टम के जरिये लोगों के मोबाइल पर आंधी-तूफान, भारी बारिश और बिजली जैसी घटनाओं के पूर्वानुमान के अलर्ट मेसेज तीन घंटे पहले भेजे जा रहे हैं। इससे जनधन की हानि में कमी आई है।

सहारनपुर स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर का उदाहरण देते हुए बताया कि समय रहते मिली मौसम की चेतावनी से श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। वहीं, मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली जैसे जिलों में आकाशीय बिजली से होने वाली मौतों में भी अर्ली वार्निंग सिस्टम के कारण उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मौसम संबंधी और सटीक जानकारी के लिए अपना उपग्रह स्थापित करने के लिए इसरो से अनुरोध भी किया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक मौसम केंद्र और 2000 ऑटोमेटिक रेनगेज स्थापित किए जा चुके हैं। आजमगढ़, वाराणसी, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ में एक्स बैंड डॉप्लर वेदर रडार लगाए जा रहे हैं। ये उपकरण वर्षा, तापमान, हवा की गति और आंधी-तूफान जैसी गतिविधियों की रियल टाइम निगरानी करेंगे।

# प्रदेश के 25 जिलों में पारा पहुंचा 40 के पार, तीन दिन भीषण गर्मी का अलर्ट; 11 जून से होगी बारिश




जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती तपिश और गर्मी लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। सोमवार को प्रदेश के लगभग 25 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में हालात और भी खराब रहे। वाराणसी, चुर्क, बांदा,आगरा और प्रयागराज आदि जिलों में आसमान से जैसे आग बरसी।

वहीं गोरखपुर, जालौन जैसे प्रदेश के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई समेत कुछ जिलों में दोपहर से पहले बादलों की आवाजाही दिखी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कि मौसम का यह उतार चढ़ाव जारी रहने वाला है। नौ और दस जून को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तापमान में बढ़त आएगी। इसके बाद 11 जून से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके असर से 13 जून तक प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तेज हवाएं और बूंदाबांदी देखने को मिलेगी।

सोमवार को 43.3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ वाराणसी प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा बांदा में 42.6 डिग्री, प्रयागराज में 42.5 डिग्री, चुर्क में 42.3 डिग्री और झांसी में 42 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। राजधानी में सोमवार को तपिश और गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। दोपहर में अचानक बादलों की आवाजाही बढ़ी और उमस भरी गर्मी ने सिर उठाया लेकिन थोड़ी ही देर में बादल छंट गए।

# यूपी सिपाही भर्ती: पहले दिन 25 फीसदी ने छोड़ी परीक्षा गड़बड़ी के आरोप में पांच पर रिपोर्ट; दो अभ्यर्थी अरेस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** प्रदेश पुलिस में 32,679 सिपाही नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित पहले दिन की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। पहले दिन की दोनों पालियों में 75.15 फीसद अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 24.85 फीसद ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा में गड़बड़ी फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ 5 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पहले दिन की परीक्षा के दौरान हापुड़ और गोरखपुर से दो अभ्यर्थी गिरफ्तार किए गए, जबकि आजमगढ़ में एक अभ्यर्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर हिरासत में लिया गया है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एसबी शिरडकर ने बताया कि पहले दिन की लिखित परीक्षा सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर 2 पालियों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से हुई। दोनों पालियों में कुल 9,62,832 अभ्यर्थी परीक्षा देने बुलाए गए थे जिनमें से 7,23,540 (75.15 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा देने आए थे। बोर्ड द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म तथा जिलों के परीक्षा केंद्रों पर आपराधिक गतिविधियों अंजाम देने वाले अभ्यर्थियों एवं अराजक तत्वों के खिलाफ अब तक 5 प्राथमिकी दर्ज की गई है। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि परीक्षा में आपराधिक कृत्य करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अभ्यर्थी ऐसे किसी भी कृत्य अथवा व्यक्ति एवं भ्रामक संदेशों से सावधान रहें और परीक्षा में पूर्ण मनोयोग से हिस्सा लें।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सुनीं जनता की समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में अपने कैंप कार्यालय (7-कालिदास मार्ग) में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

इस दौरान भूमि एवं राजस्व विवाद, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली, पानी, पुलिस प्रशासन, शिक्षा और रोजगार से जुड़े कई मामले सामने आए। मौर्य ने प्रत्येक मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित, प्रभावी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी और इसके लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जिलों से आए नागरिकों ने अपनी मांगें रखीं। लखीमपुर की रामकली, प्रतापगढ़ के अभिषेक कुमार, हाथरस के सन्तोष कुमार, मेरठ के अरूण कुमार, प्रयागराज की शमला भारतीय और सीतापुर की गीतादेवी ने भूमि विवाद से जुड़े मामले उठाए, जिस पर मौर्य ने संबंधित जिलाधिकारियों को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर तुरंत समाधान करने को कहा।

# होटल नोवोटेल की पार्किंग में बेकरी व स्टॉफ क्वॉर्टर, प्रबंधन को एलडीए ने थमाया नोटिस

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** दिल्ली के एक होटल में आग की घटना को लेकर सक्रिय हुए एलडीए और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की तो गोमती नगर के होटल नोवोटेल में पार्किंग की जगह बेकरी, लॉन्ड्री व स्टॉफ क्वॉर्टर बने मिले। स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण और संचालन करने पर प्रबंधक को नोटिस जारी किया। वहीं, कुर्सी रोड स्थित होटल एसएस ग्रैंड का सेटबैक ध्वस्त करने के साथ होटलों के मानचित्र तलब किए।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर सोमवार को सभी जोन में निकलीं संयुक्त टीमों ने शहर के बहुमंजिला भवन, विभिन्न होटल, बैन्क्वेट हॉल एवं रेस्त्रां में छापेमारी। फीता से नापजोख करके स्वीकृत मानचित्र से मिलान किया तो गड़बड़ियां पाईं। परिसर में लगे अग्निशमन यंत्रों में कमियां मिली।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी व एफएसओ मामचन्द्र बड़गूजर के नेतृत्व में टीम ने विराज खंड स्थित होटल नोवोटेल व होटल लीनेज समेत अन्य होटलों में जांच की। होटल नोवोटेल में भवन की ऊंचाई व सेटबैक तय मानकों के मुताबिक मिले। लेकिन, स्वीकृत मानचित्र में होटल के लोअर बेसमेंट में जिस जगह 15 वाहनों की पार्किंग दर्शायी गई थी, वहां बेकरी, लॉन्ड्री व स्टॉफ के लिए कमरे बने थे। इस पर होटल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा, प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय के नेतृत्व में टीम ने गुड़म्बा में कुर्सी रोड स्थित होटल एसएस ग्रैंड, आराधना इन, होटल जीआरपी समेत सात प्रतिष्ठानों में जांच की। होटल एसएस गैंड में सेटबैक में अवैध निर्माण मिलने पर ध्वस्त किया।

# यूपी में पासपोर्ट सेवा केंद्र जैसे बनेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग को अधिक पारदर्शी, तकनीक आधारित और जनसुविधा केंद्रित बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालयों को चरणबद्ध तरीके से पासपोर्ट सेवा केंद्रों की तर्ज पर विकसित किया जाए, ताकि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और पंजीकरण प्रक्रिया अधिक सरल एवं पारदर्शी बने।

सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से निवेश और शहरीकरण के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में पंजीकरण व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, अभिलेखों के डिजिटाइजेशन, जियो-टैगिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रणालियों को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संपत्तियों के मूल्यांकन में एकरूपता और पारदर्शिता लाने के लिए मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। इससे स्टाम्प शुल्क चोरी पर अंकुश लगेगा, विवाद कम होंगे और राजस्व संग्रहण में वृद्धि होगी। उन्होंने कॉरपोरेट पुनर्गठन, विलय, अधिग्रहण, सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी), आवासीय सहकारी समितियों और रेरा से जुड़े मामलों में स्टाम्प शुल्क व्यवस्था को समयानुकूल बनाने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अन्य राज्यों की सर्वोत्तम व्यवस्थाओं का अध्ययन कर ऐसा कानूनी ढांचा तैयार किया जाए, जिससे निवेश को बढ़ावा मिले और कारोबार करने में आसानी हो।

**आयोजन** नई टीम को पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर मधु कुमार ने दिलाई शपथ

# एलायंस क्लब खटीमा डायमंड के समारोह में पदाधिकारीयों ने ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय


दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** एलायंस क्लब खटीमा डायमंड का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न। डिस्ट्रिक्ट 144 में जुड़े एलायंस क्लब खटीमा डायमंड की नई टीम को पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर मधु कुमार द्वारा शपथ दिलाई गई। क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र पारूथी ने सभी सदस्यों का इंडक्सन किया और उनको विधिवत रूप से क्लब का सदस्य घोषित किया।

इस मौके पर केसर पारूथी ने संस्थापक अध्यक्ष पद की शपथ ली। ज्योति बिष्ट ने सचिव और दीपा चड्ढा ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कंचन सक्सेना ने ध्वज वंदना का पाठ किया। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नई टीम में अनीता भंडारी प्रथम उपाध्यक्ष,एड. हेमा कन्याल परिहार द्वितीय उपाध्यक्ष एवं डॉ. नीलम पांडे तृतीय उपाध्यक्ष रही। प्रीति धौनी को संयुक्त सचिव, प्रेमिका मारक को टेल ट्विस्टर, प्रेरणा सक्सेना को टेमर और शोभा कठायत को पीआरओ चुना गया।वंशिका गौड़ ने मेंबरशिप चेयरपर्सन तथा एड पूजा दत्ता,मीरा कापड़ी और रेहाना मतलूब ने डायरेक्टर पद की शपथ ली। इस मौके पर एड.चंचल सिंह, पूनम कश्यप, मंजू आर्या, माया थापा, किरण सिंह,रश्मि गौड़, डॉ.चंद्रा चन्द और गुरप्रीत कौर को भी शपथ दिलाई गई। चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि एलायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा करना है और हम लोग बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें इस क्लब से जुड़कर जरूरतमंदों की सेवा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने क्लब के गौरवशाली इतिहास से भी सभी को परिचित कराया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र पारूथी ने कहा कि असहायों तथा वंचितों की सेवा निःस्वार्थ भाव से करना हम सब का ध्येय होना चाहिए।उन्होंने उम्मीद जताई कि खटीमा डायमंड मानवता की सेवा करके नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। जिसमें सिर्फ महिलाएं ही जुड़ी हैं। इंस्टॉलेशन चेयरपर्सन मीरा कापड़ी की देख रेख में आयोजित इस शानदार शाम के मास्टर ऑफ सेरेमनी घनश्याम अग्रवाल रहे। यहां पीडीजी अजय कुमार, पीडीजी डॉक्टर एसके शर्मा, पीडीजी मिथिलेश शर्मा, वीडीजी कंचन सक्सेना, डिस्ट्रिक्ट वूमेन वेलफेयर चेयरपर्सन किरन हांडा, डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाइजर पंकज टम्टा,एलायंस क्लब खटीमा के अध्यक्ष मनोज कन्याल, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, भास्कर कापड़ी,डॉ विवेक पांडे, एड.हरमनप्रीत दत्ता और वीरेंद्र सिंह आदि रहे।

# आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बनेंगे 5 नए चिकित्सालय और महाविद्यालय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आयुष चिकित्सा प्रणाली को सशक्त बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से प्रदेश में पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये संस्थान देवीपाटन, मीरजापुर, मेरठ, आगरा और बस्ती मंडल में स्थापित किए जाएंगे।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इन संस्थानों में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी सहित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान की शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे प्रदेश में आयुष शिक्षा का दायरा बढ़ने के साथ स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पांचों मंडलों में भूमि का चयन कर लिया गया है। देवीपाटन मंडल में गोंडा जिले के वजीरगंज विकासखंड स्थित ग्राम कोडर में लगभग 14.82 एकड़, मीरजापुर मंडल में सदर तहसील के ग्राम अकोढ़ी में 13.83 एकड़, मेरठ मंडल के लिए गाजियाबाद जिले की मोदीनगर तहसील के ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डलना में 11 एकड़, आगरा मंडल में किरावली तहसील के ग्राम अकबरा में 13.5 एकड़ तथा बस्ती मंडल में हर्रैया तहसील के ग्राम जोगापुर में 15 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। उन्होंने बताया कि चार मंडलों में भूमि पहले ही आयुष विभाग के नाम दर्ज की जा चुकी है, जबकि बस्ती मंडल में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प



जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। गन्ना कृषक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पूर्व में लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने पौधों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि यह अभियान मातृत्व सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश देता है। वहीं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और नियमित देखभाल के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत, ग्रामीणों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जहानाबाद।** ग्राम गौनेरी बदी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश फैल गया और लोगों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला फीलखाना निवासी सज्जन खान पुत्र झम्मन खान अपने पुत्र सुभान खान के साथ बारात छोड़कर बस से वापस लौट रहे थे। बताया जाता है कि गांव गौनेरी बदी के पास बस का संपर्क सड़क के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से हो गया, जिससे बस में करंट उतर आया। हादसे में सज्जन खान और उनके पुत्र सुभान खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



बिजली तारों से हुई मौतों के बाद सड़क जाम करते लोग। –जागरण मोर्चा

सूचना मिलते ही थाना जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि बिजली के झूलते तारों को हटाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उनका आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण दो लोगों की जान चली गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल, एसडीएम न्यायिक पवन यादव तथा नायब तहसीलदार परितोष द्विवेदी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और यातायात बहाल कराया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं।

## सार संक्षेप



परीक्षा केन्दों का मौक़ा मुआयना करते डीएम व एसपी। –जागरण मोर्चा

### आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**पीलीभीत।** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा–2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए सोमवार को पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ड्रमण्ड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एस.एन. इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय तथा राजकीय पॉलिटेक्निक में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चेकिंग, प्रवेश–निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी समेत अन्य तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मियों को परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

### राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने चौपाल में सुनीं समस्याएं, किया पौधारोपण

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने विकासखंड ललौरीखेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय बरहा में आयोजित चौपाल में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान एवं विज्ञान पार्क का उद्घाटन किया और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल में ग्रामीणों की मांग पर मंत्री ने बारातघर निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन तथा आसाम रोड से रेलवे फाटक तक सड़क निर्माण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रा, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के जिला टॉपर, यातायात सप्ताह प्रतियोगिता के विजेताओं तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान एवं सचिवों को सम्मानित भी किया गया।

### सीएचसी पूरनपुर में ईएनटी विशेषज्ञ की तैनाती की मांग

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में नाक–कान रोग विशेषज्ञ (ईएनटी) चिकित्सक की कमी को लेकर नगर पालिका परिषद के सभासद नादिर रजा बरकाती ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक न होने के कारण निजी अस्पतालों या जिला अस्पताल का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च और परेशानी उठानी पड़ती है। सभासद ने जनहित में सीएचसी पूरनपुर में कम से कम सप्ताह में एक दिन ईएनटी विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इसकी प्रतिलिपि मुख्य चिकित्साधिकारी को भी भेजी गई है।

### मारपीट में मां-बेटे पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव चंदोखा निवासी निखिल कुमार ने बताया कि 6 जून को शाम उसे व उसकी पत्नी धारावती को पड़ोस की रहने वाली मुन्नी देवी गाली गलौज करने लगी। जब उसने विरोध किया तो महिला व उसके पुत्र रोहित ने उसकी पत्नी को मारा पीटा। इसके बाद उसके सिर पर बांका से हमला कर दिया। जिससे घायल हो गई। बचाने आए पीड़ित निखिल कुमार को भी मारा पीटा। इससे पहले भी आरोपी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। घायल मां बेटे का मेडिकल कराया गया। मामले की तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुन्नी देवी व उसके पुत्र रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पशु से टकराई बाइक, धार्मिक स्थल से लौट रही महिला की मौत

## मोहनपुर चौराहे पर हुई घटना, पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने पशु को रौंदा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** मोहनपुर चौराहे पर बाइक पशु से टकरा गई। हादसे में धार्मिक स्थल से लौट रही महिला की मौत हो गई। जबकि हादसे में घायल हुए गौवंश को बाद में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया।

हादसा रविवार रात करीब साढे नौ बजे मोहनपुर चौराहे पर हुआ। वाइक और गौवंश के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल पूरनपुर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पहुंचने पर देखा गया कि वाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क पर पड़ी थीं। उनके सिर में गहरी चोट आई थी और हालत अत्यंत नाजुक थी। गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने एम्बुलेंस कर महिला को अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने काफी प्रयास किए। लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान लवप्रीत कौर निवासी मैलानी राजा मंडी के रूप में हुई। वह पवित्र धाम हेमकुंड साहिब में दर्शन करने के बाद अपने मायके गढ़वा खेड़ा जा रही थीं। गौ रक्षा दल पूरनपुर के ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया एवं उनकी टीम ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया।



अस्पताल में मौजूद परिजन। –जागरण मोर्चा

सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। रोते विखलते परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह हादसा एक बार फिर सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# जर्जर सडक को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** शेरपुरकला से लेकर 94 गांवों को जोड़ने वाला मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार है। सड़क की जर्जर हालत अब ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण बन चुकी है। इसी रास्ते से किसान अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाते हैं, छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज जाते हैं, मरीज अस्पतालों तक पहुंचते हैं तथा व्यापारिक गतिविधियां संचालित होती हैं। सड़क खराब होने से हर वर्ग प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही क्षेत्र की समस्याओं को भुला दिया जाता है। समस्या से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा और बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां लेकर लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं, वादा नहीं, सड़क चाहिए" और "जनता परेशान, प्रशासन अनजान" जैसे नारे लगाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं बल्कि क्षेत्र के 94 गांवों की जीवनरेखा है। इस दौरान रोहित, शिवम, विपिन, केशव, अजय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में बांटे हेलमेट, शरबत और पानी की बोतलें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** नेकी की दीवार एवं श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गौहनिया चौराहे पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने प्रतिभाग कर आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को हेलमेट के नियमित उपयोग से काफी हद तक रोका जा सकता है। संस्था के पदाधिकारियों ने भी वाहन चालकों से सुरक्षित यात्रा के लिए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था की ओर से राहगीरों को ठंडा शरबत, पानी की बोतलें एवं तौलिये वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से सड़क सुरक्षा के साथ-साथ जनसेवा और मानवता का संदेश भी दिया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।




नेकी की दीवार के सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में मौजूद डीएम व अन्य।

# दुकानदार को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** दुकान पर आए युवक ने दुकानदार को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव पुन्नापुर टांडा निवासी हरिपाल ने बताया कि उसकी किराने की दुकान है।

रविवार कि रात करीब दस बजे उसकी दुकान पर गांव निवासी अनिल कुमार सामान खरीदने आया था। सामान खरीदने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इस पर अनिल दुकानदार से गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दुकानदार को पटक दिया और लात घूंसों से मारा पीटा। इसके बाद उसे सिर बंकी से हमला कर दिया। जिससे वह हो गया। शोर करने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए और उन्होंने बचाया। आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने अनिल कुमार के खिलाफ मुकदम दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया कि मामले में युवक की ओर से केस दर्ज किया गया है।



# दवाई की एजेंसी खोलने के नाम पर 22 लाख की ठगी, 4 के खिलाफ रिपोर्ट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव कसगंजा निवासी राजेश कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि अरुण कुमार निवासी मौर्या ब्रदर्स मेडिकल स्टोर छतरी चौराहा मकान नंबर 330 टनकपुर रोड थाना सुनगढी जिला पीलीभीत से उसके घरेलू संबंध था। अरुण कुमार व उसके घर के सदस्यों का उसके घर पर आना जाना था। पीडित राजेश कुमार भी उसके घर पर आजा जाना था।

अरुण कुमार जिला अस्पताल में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्य करता था। उसी समय अरुण कुमार ने पीड़ित राजेश कुमार से कहा कि वह आयुष्मान योजना के अंतर्गत होने वाले इलाज का काम देखता है। अरुण कुमार ने बड़ी एजेंसी लेने के लिए पीडित राजेश कुमार से मदद के लिए कहा। उस समय अरुण कुमार के साथ उसके पिता रमाकांत व उसका छोटा भाई पंकज मौर्या, उसकी पत्नी नीतू व अरुण की मां भी मौजूद थी। पीडित राजेश कुमार आरोपियों के झांसे में आ गया। पीड़ित ने स्वयं अपने बैंक खाते से आरोपी अरुण कुमार के खाते में 6 लाख रुपये भेजे,इसके बाद पत्नी रति के खाते से दो लाख रुपये भेजे, इसके बाद पीड़ित ने एक लाख 88 हजार रुपये व सात लाख रुपये आरोपी अरुण कुमार के खाते में भेजे,इसके साथ ही पीड़ित राजेश कुमार ने अपने बहनोई से पांच लाख रुपये व अपने भांजे अम्बुज से पांच लाख रुपये व पांच लाख रुपये अपने मित्र व अपने छोटे भाई से पांच लाख रुपये व दो लाख रुपये नकद कुल 22 लाख रुपये अरुण कुमार को दिए। दो-तीन महीने तक अरुण कुमार ने कोई दवाई की एजेंसी नहीं खोली।

तब पीडित को लगा कि अरुण कुमार,व रमाकांत व अरुण कुमार की पत्नी नीतु मौर्या व छोटा भाई पंकज मौर्या ने मिलकर पीडित राजेश से ठगी कर ली। इस पर कई बार अपने रुपये मांगने आरोपियों के घर पर गया तो टाल मटोल की। पीडित कि तहरीर पर पुलिस ने अरुण कुमार, रमाकांत,नीतू मौर्या व पंकज मौर्या निवासी मौर्या ब्रदर्स मेडिकल स्टोर छतरी चौराहा मकान नंबर 330 टनकपुर रोड थाना सुनगढी जिला पीलीभीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# भाकियू अराजनैतिक की बैठक में हरिद्वार चिंतन शिविर को सफल बनाने का आह्वान

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में आगामी हरिद्वार राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय चिंतन शिविर में किसानों की प्रमुख समस्याओं जैसे एमएसपी, बढ़ती खेती लागत, गन्ना भुगतान, खाद-बिजली संकट, आवारा गोवंश, सिंचाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर मंथन होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी होने पर बड़े आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

बैठक में जनपद के किसानों से हरिद्वार पहुंचकर राष्ट्रीय किसान महापंचायत को सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला सचिव रामकृपाल, बलजीत सिंह चीमा, तेजराम वर्मा, संजीव यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चला विशेष अभियान, 253 चालान

**पीलीभीत।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई–रिक्शा चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 4 ई–रिक्शा सीज किए गए तथा 117 चालान काटे गए। यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन और ओवरस्पीडिंग समेत विभिन्न नियम उल्लंघनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 253 चालान किए और 3 .31 लाख रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया। शहर क्षेत्र, पूरनपुर और बरखेड़ा में चलाए गए अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया।




टूर्नामेंट | घुंघचाई में विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

# घुंघचाई चैलेंजर्स ने तिवारी इलेवन को हराकर जीता फाइनल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** कस्बा घुंघचाई में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला घुंघचाई चैलेंजर्स और तिवारी इलेवन के बीच खेला गया। सोमवार को घुंघचाई चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने निर्धारित 14 ओवरों में 104 रन बनाए।

टीम के बल्लेबाजों ने संयमित शुरुआत करते हुए बीच के ओवरों में तेजी से रन जुटा कर सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। 105 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तिवारी इलेवन के नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। अंतिम ओवरों में तिवारी इलेवन को जीत के लिए तेज रन गति की आवश्यकता थी। लेकिन टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 92 रन ही बना सकी।



जीत की खुशी मनाते घुंघचाई चैलेंजर्स के खिलाड़ी। –जागरण मोर्चा

घुंघचाई चैलेंजर्स ने 12 रनों से फाइनल मुकाबला जीत कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई, खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और जीत का जश्न मनाया।

मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले घुंघचाई चैलेंजर्स के मयंक मिश्रा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजकों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम को भी पुरस्कार दिया गया। इस अवसर मुख्य रूप से प्रधान पति सुनील पासवान, द्रोणपाल सिंह, मिथलेश गुप्ता, जसवंत सिंह, अनुपम शुक्ला, मंजुल मिश्रा, गौरव अवस्थी, अभिषेक शर्मा, अतिनेश शुक्ला,परविंदर त्रिवेदी,अतुल मिश्रा सहित बडी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले के सफल आयोजन पर आयोजकों ने खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू महासभा ने किया युवा जिला कार्यकारिणी का गठन



युवा जिला कार्यकारिणी के गठन में मौजूद पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की युवा इकाई की बैठक वसुंधरा कॉलोनी में आयोजित हुई, जिसमें संगठन की नई युवा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने की। बैठक में संगठन विस्तार, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और आगामी राजनीतिक व सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा हुई। विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई तथा युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा कि 2027 के चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। वहीं जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा ने संगठन को हिन्दुओं का एक बड़ा परिवार बताते हुए समाज और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम का समापन संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा के साथ हुआ।

# मानसून से पहले एक्शन मोड में नगर पालिका, नालों की सफाई के लिए बनीं विशेष टीमें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** आगामी मानसून को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा के निर्देश पर नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों और नालियों की सफाई के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्यों की निगरानी करने के साथ-साथ प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि नगरवासियों को वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। बरसात में नालों और नालियों में जमा सिल्ट एवं कूड़े-कचरे के कारण जल निकासी प्रभावित होती है, जिससे सड़कों और मोहल्लों में पानी भर जाता है। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए समय रहते सफाई अभियान को गति दी गई है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा गठित टीम 'ए' में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब तथा लिपिक सुमित सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं टीम 'बी' में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार और कार्यवाहक सफाईनायक नैनील को शामिल किया गया है। दोनों टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नाला गैंग के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य कराते हुए निर्धारित समय सीमा से पहले कार्य पूर्ण कराएं।



नगर पालिका अध्यक्ष फातिमा राजा जानकारी देती हुई। -जागरण मोर्चा

पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मिशन है। अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से क्षेत्रों का निरीक्षण करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी नाले या नाली में जल निकासी बाधित न हो। जहां भी कोई समस्या सामने आए, उसका तत्काल समाधान कराया जाए ताकि बरसात के दौरान नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा सफाई कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कार्यों की समीक्षा होगी और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही सफाई के दौरान निकलने वाली सिल्ट और कूड़े के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। फात्मा रजा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और जलभराव मुक्त बनाए रखना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेशों के पालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने भी नगर पालिका की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का मानना है कि यदि मानसून से पहले सभी नालों और नालियों की प्रभावी सफाई हो जाती है तो शहर में जलभराव की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बरसात के दौरान शहर की जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी। पालिकाध्यक्ष ने दोहराया कि नगर के सभी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नाले और नालियां पूरी तरह साफ हो जाएं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और शहर स्वच्छ एवं व्यवस्थित बना रहे। साथ ही जिस जोन में जलभराव होने पर संबंधित टीम के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

## सार संक्षेप



राशन की दुकान का निरीक्षण करते बिसौली एसडीएम साईं आश्रित शाखमुरी।

### औचक निरीक्षण में राशन व्यवस्था परखी, अनियमितता पर कार्रवाई की चेतावनी

**बिसौली।** सोमवार को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) श्री साई आश्रित शाख मुरी ने क्षेत्र के एक राशन डीलर की दुकान का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार भी मौजूद रहे। टीम ने दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक, वितरण रजिस्टर और अन्य अभिलेखों की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने राशन वितरण प्रक्रिया की पारदर्शिता और नियमितता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद राशन डीलर गुड्डू देवी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र राशन कार्ड धारकों को समय पर और बिना किसी भेदभाव के राशन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि दुकान पर साफ-सफाई, स्टॉक की सही जानकारी और रजिस्टरों का अद्यतन रिकॉर्ड हमेशा दुरुस्त रखा जाए। एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है या निरीक्षण में अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित डीलर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक खाद्यान्न पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस औचक निरीक्षण से क्षेत्र के अन्य राशन डीलरों में भी सतर्कता बढ़ी है। प्रशासन की इस कार्रवाई को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अवैध खनन में एसडीएम ले चार ट्रैक्टर-ट्रालियां की सीज

**बिसौली।** सोमवार को एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी ने क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान उन्होंने मिट्टी से भरी चार ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़कर सीज कर दिया और उन्हें फैजगंज बेहटा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया और कई स्थानों पर अवैध खनन करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। एसडीएम की यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने वाहनों की जांच की, जिसमें बिना अनुमति के मिट्टी का खनन और परिवहन किया जा रहा था। तत्काल प्रभाव से सभी ट्रैक्टर-ट्रालियों को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया गया। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में डर का माहौल देखने को मिला। एसडीएम श्री साई आश्रित शाख मुरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त हो सकते हैं। ऐसे सभी संदिग्ध लोगों की गोपनीय जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी और खनन माफियाओं के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। एसडीएम ने क्षेत्र के लोगों से भी अपील की कि वे अवैध खनन की सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



मिट्टी भर ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर थाने में ले जाते एसडीएम बिसौली। -जागरण मोर्चा

# पहले दिन 2365 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

## पहले सत्र में 5664 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 4460 रहे उपस्थित और 1204 अनुपस्थित, दूसरे सत्र की परीक्षा में बैठे कुल 4504 अभ्यर्थी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा सोमवार को जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 11,229 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 8,964 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2,365 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रशासन ने परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

सोमवार को सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर दूर-दराज से आए परीक्षार्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। सुबह 9 बजे सघन चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। नियमों का कड़ाई से पालन कराते हुए मुख्य गेट पर ही अभ्यर्थियों के मोबाइल, बेल्ट, पर्स और इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स जमा करा लिए गए। प्रवेश पत्र की बारीकी से जांच के बाद ही सबको अंदर जाने की अनुमति मिली। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 से 12 बजे तक चली, जिसमें 5,564 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,460 उपस्थित और 1,204 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें 5,665 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 4,504 ने परीक्षा दी और 1,161 ने परीक्षा छोड़ दी।



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय व एस एसपी अंकिता शर्मा।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रत्येक केंद्र पर एक इंस्पेक्टर, दो सब इंस्पेक्टर और आठ सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जनपद के 15 प्रमुख कॉलेजों को केंद्र बनाया गया था। इन केंद्रों में प्रमुख रूप से गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, राजकीय कन्या इण्टर कालेज, केदारनाथ महिला इण्टर कालेज, मदन लाल इंटर कालेज, एनएमएसएन दास कालेज, नगर पालिका कन्या इण्टर कालेज, पार्वती आर्य कन्या इण्टर कालेज, जीआईसी, जीजीआईसी, राजाराम महिला इण्टर कालेज, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, श्री कृष्ण इण्टर कालेज (ब्लाक ए व बी) तथा सिगलर गर्ल्स इण्टर कॉलेज शामिल रहे। अधिकारियों के औचक निरीक्षण के बीच परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से समाप्त हुई।

### डीएम -एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

# जिला सैनिक बन्धु बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर



बैठक में अधिकारियों को जानकारी देते हुए एडीएम त्रिभुवन सिंह। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट सभागार, बदायूँ में सोमवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) त्रिभुवन सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह (अवकाश प्राप्त) द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही नवीन प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया। विभिन्न विभागों से संबंधित कुल पांच प्रार्थना पत्र अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिन पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन सिंह ने पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन पूर्व सैनिकों ने अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए हैं, वे आगामी बैठकों में अपने मामलों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में जनपद के 21 पूर्व सैनिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पवन कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के एलडीएम अम्बुज कुमार शुक्ल, अजय कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी तथा उद्योग विभाग से सहायक आयुक्त संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गैर सरकारी सदस्य के रूप में ऑनरेरी सब लेफ्टिनेंट सतीश चन्द्र (अवकाश प्राप्त) ने भी सहभागिता की।

# वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर व्यक्त की संवेदना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** विधानसभा क्षेत्र दातागंज के ग्राम गंढ़ाह में शोक का माहौल उस समय और गहरा गया जब वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक शोक संतप्त परिवारों के बीच पहुंचे और दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ग्राम निवासी सुखपाल गुर्जर के पूज्य पिताजी एवं बबलू दिवाकर के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

डॉ. शैलेश पाठक ने शोक संतप्त परिवारों के बीच बैठकर उनकी पीड़ा को साझा किया और कहा कि इस कठिन समय में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता का साया उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी क्षति होती है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ऐसे समय में परिवार को धैर्य और साहस के साथ परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे शोक संतप्त परिवारों का हर संभव सहयोग करें और उन्हें अकेला महसूस न होने दें।

ग्राम गंढ़ाह में डॉ. पाठक के पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और उनके इस संवेदनशील कदम की सराहना की। ग्रामीणों का कहना था कि इस प्रकार के समय में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पीड़ित परिवार को मानसिक संबल प्रदान करती है। अंत में सभी ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे पुण्य आत्माओं को शांति प्रदान करें।

# फैजगंज बेहटा में मांस का वीडियो वायरल, इलाके में मची हलचल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**औरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति खंडहरनुमा मकान के अंदर चारपाई पर रखे बड़ी मात्रा में मांस को इधर-उधर करता दिखाई दे रहा है। वीडियो में मांस का वजन करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी रखा नजर आ रहा है, जबकि दूसरा व्यक्ति चादर में लिपटे मांस को कांटे पर रखने में सहयोग करता दिख रहा है।

वीडियो में दिखाई दे रहे मांस को लेकर स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ लोग इसमें गौवंशीय अवशेष होने की आशंका जता रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बड़ी मात्रा में मांस देख लोगों में हैरानी और आक्रोश का माहौल भी देखने को मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि वीडियो में नजर आने वाला व्यक्ति फैजगंज बेहटा क्षेत्र का ही निवासी है, जिस पर पूर्व में गौकशी और आर्म्स एक्ट सहित करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज होने की चर्चा है। वह हिस्ट्रीशीटर भी बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं वीडियो में मौजूद दूसरे व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा है। इस वायरल वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस विभाग में भी हलचल तेज हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की बात कही जा रही है। क्षेत्र में पहले भी गौकशी के मामलों को लेकर संवेदनशीलता रही है, ऐसे में यह वीडियो और अधिक चिंता का कारण बन गया है।

# कब्र से निकालकर किशोरी के शव का पोस्टमार्टम, हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि

जागरण मोर्चा कार्यालय

- दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की घटना
- पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पहले एक किशोरी की प्रेम-प्रसंग के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शनिवार की सुबह किशोरी के शव को रामगंगा नदी के किनारे दफन कर दिया गया। किसी ग्रामीण की सूचना के बाद किशोरी की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया। जिलाधिकारी के आदेश पर तहसील व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को कब्र की खुदाई कराकर किशोरी के शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम को भेज दिया। सोमवार को किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें किशोरी की मौत हैंगिंग से होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत गई थी। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर किशोरी के शव को रामगंगा नदी के किनारे दफन कर दिया था। शाम को गांव के किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसे प्रेम-प्रसंग के चलते पिता द्वारा किशोरी की हत्या किए जाने की आशंका है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस हरकत में आ गई और मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। मामला संवेदनशील होने की वजह से थाना पुलिस ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद तहसील प्रशासन व पुलिस ने शव को कब्र से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरु की। इसके बाद किशोरी के शव को कब्र की खुदाई कर बाहर निकलवाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें किशोरी की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर दातागंज वेदपाल सिंह ने बताया कि किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोट में किशोरी की मौत की वजह एंटी मार्टम हैंगिंग बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पौधरोपण** | गाजियाबाद जेल में वाटर वूमेन शिप्रा के समक्ष कैदियों समेत जेल प्रशासन ने लिया प्रति व्यक्ति 5 पौधे लगाकर पालने का संकल्प

# गाज़ियाबाद जिला कारागार में वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने कैदियों और जेल प्रशासन के साथ किया पर्यावरण संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक पुनर्निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल करते हुए वाटर वुमन शिप्रा ने गाज़ियाबाद जिला कारागार में जेल अधीक्षक के साथ पौधारोपण किया तथा कैदियों के साथ संवाद स्थापित किया। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक वृक्षारोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देने वाला बना।

जनपद के तहसील दातागंज निवासी डॉक्टर शैलेश पाठक की पुत्री वाटर वुमन शिप्रा जो अपनी संस्था पंचतत्व के माध्यम से पिछले 11 वर्षों से नदियों और पर्यावरण संरक्षण पर निरंतर कार्य कर रही हैं, अब तक 15,000 किलोमीटर की पदयात्रा कर भारत की धरती पर लगभग 58 लाख पौधे रोपित कर चुकी हैं। उनका यह अभियान समाज के हर वर्ग को प्रकृति से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है।



पिछले वर्ष पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने एक माह का विशेष अभियान चलाते हुए 7 राज्यों के 31 कुलपतियों के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसरों में "सिंदूर वाटिका" की स्थापना की थी। इस वर्ष उन्होंने देश की जेलों को अपने अभियान का केंद्र बनाते हुए एक नई पहल की शुरुआत की है। इस अभियान के अंतर्गत गाज़ियाबाद जिला कारागार में शमी के पौधों का रोपण किया गया। भारतीय परंपरा में शमी वृक्ष को शनि देव से संबंधित माना जाता है, जो न्याय और अनुशासन के प्रतीक हैं। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए जेल परिसर में शमी रोपण का विशेष महत्व बताया गया, ताकि कैदियों के जीवन में आत्मचिंतन, संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके। कार्यक्रम के दौरान जेल निरीक्षक सीताराम को एक विशेष योजना भी प्रस्तुत की गई, जिसके अंतर्गत पंचतत्व संस्था कैदियों को बीज, खाद और मिट्टी उपलब्ध कराएगी। कैदी स्वयं पौध तैयार करेंगे और उन्हें अपने मिलने वालों तथा संस्था के माध्यम से समाज तक पहुँचाया जाएगा, जहाँ उनका रोपण किया जाएगा।




यह पहल कैदियों को केवल व्यस्त रखने का माध्यम नहीं, बल्कि उन्हें प्रकृति से जोड़कर उनके भीतर जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सृजनात्मकता विकसित करने का प्रयास है। जेल के भीतर किया गया यह हरित कार्य उनके जीवन में नई दिशा देने का कार्य करेगा और रिहाई के बाद भी वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहेंगे। "जेल कैदी से पर्यावरण प्रहरी"—वाटर वुमन की यह पहल समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है, जहाँ सुधार, संस्कार और प्रकृति का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है।

# मेडिकल एसोसिएशन के दो वर्ष पूर्ण होने पर दवा व्यवसायियों को उपहार देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** कस्बा के आर डी फार्मा पर रविवार को बगरैन मेडिकल एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एसोसिएशन के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुलाई गई थी, जो बेहद सौहार्दपूर्ण और उत्सव के माहौल में संपन्न हुई।

इस गौरवमयी अवसर पर संगठन की मजबूती और एकजुटता की सराहना करते हुए सभी साथी दवा व्यवसायियों को सदस्यता सर्टिफिकेट एवं विशेष उपहार देकर कर सम्मानित किया गया। बैठक की शुरुआत चिकित्सा व्यवसाय को समाज के प्रति अधिक जवाबदेह और सुलभ बनाने के संकल्प के साथ हुई।

कस्बे के प्रतिष्ठित मेडिकल व्यवसायियों और एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को दो वर्ष पूरे करने की बधाई दी। पदाधिकारियों ने कहा कि बगरैन मेडिकल एसोसिएशन ने हमेशा उपभोक्ताओं के हितों और दवा विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक सेतु के रूप में कार्य किया है।



समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संगठन के सभी सदस्यों को आकर्षक उपहार भेंट किए गए, सम्मान पाकर सभी सदस्यों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। उपहार वितरण के उपरांत बैठक में व्यापारिक हितों की रक्षा और क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर भी विचार विमर्श हुआ।

अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी ने सभी सदस्यों से नियमों के दायरे में रहकर पूरी ईमानदारी से जनसेवा करने की अपील की। अंत में उपाध्यक्ष प्रिंस देव शर्मा ने बैठक में आए सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में मुकेश पाराशरी सचिव, सर्वेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, राजेश गुप्ता समेत एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# भारत की ऐतिहासिक जीतः अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से रौंदा

## एकतरफा मुकाबले में टीम इंडिया का दबदबा, टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज




■ मुल्लांपुर (पंजाब)

भारतीय क्रिकेट टीम ने मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन के विशाल अंतर से हराकर इतिहास रच दिया। यह जीत भारतीय टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पारी के अंतर से सबसे बड़ी जीत बन गई है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने मैच के तीसरे ही दिन मुकाबला समाप्त कर अपनी ताकत का शानदार प्रदर्शन किया।

इस जीत के सबसे बड़े नायक रहे बाएं हाथ के युवा स्पिनर मानव सुथार, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में गेंद और बल्ले दोनों से शानदार योगदान दिया। पहली पारी में छह विकेट लेकर उन्होंने अफगान बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जबकि बल्लेबाजी में भी उपयोगी रन बनाकर टीम की बड़ी बढ़त में योगदान दिया। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मैच की शुरूआत से ही भारतीय बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने मजबूत शुरूआत की और पूरे मैच के दौरान अपनी पकड़ बनाए रखी।

भारतीय बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का शानदार मिश्रण दिखाते हुए स्कोरबोर्ड पर 564 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारियां निभाईं, जिससे अफगानिस्तान के गेंदबाज पूरे मैच में संघर्ष करते नजर आए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी की खास बात यह रही कि मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी वजह से भारत ने पहली पारी में आठ विकेट के नुकसान पर 564 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और विपक्षी टीम पर मानसिक दबाव बना दिया। 564 रन के विशाल लक्ष्य के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम शुरूआत से ही भारतीय गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आई।

अपने पहले ही टेस्ट मैच में खेल रहे मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। उनकी सटीक लाइन और लेंथ तथा गेंदों में विविधता के सामने अफगान बल्लेबाज टिक नहीं सके। मानव ने पहली पारी में छह विकेट झटककर यह साबित कर दिया कि भारतीय क्रिकेट को एक और बेहतरीन स्पिनर मिल गया है। अफगानिस्तान की पूरी टीम मात्र 152 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की ओर से केवल रहमत शाह ही संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाया। भारत को पहली पारी के आधार पर 412 रन की विशाल बढ़त मिली, जिसके बाद कप्तान ने बिना किसी हिचकिचाहट के अफगानिस्तान को फॉलोऑन देने का फैसला किया। फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम से उम्मीद थी कि वह दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें संभलने का कोई मौका नहीं दिया। दूसरी पारी में भी अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी बनाने में असफल रहे और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। भारतीय स्पिनरों ने पिच का पूरा फायदा उठाया और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज कुछ अच्छे शॉट खेलने के बाद 24 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रहमत शाह भी केवल 13 रन ही बना सके। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। अफगानिस्तान की बल्लेबाजी इतनी कमजोर रही कि दूसरी पारी में केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। टीम का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा पाया। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में यदि किसी बल्लेबाज ने थोड़ी देर तक संघर्ष किया तो वह थे सेदिकुल्लाह अटल। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 80 गेंदों पर 42 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक शानदार छक्का भी लगाया। हालांकि वह अपने अर्धशतक से आठ रन दूर रह गए। उनके आउट होने के बाद अफगानिस्तान की उम्मीदें पूरी तरह समाप्त हो गईं और पूरी टीम जल्द ही 112 रन पर सिमट गई। हालांकि पहली पारी में मानव सुथार चर्चा का केंद्र रहे, लेकिन दूसरी पारी में अन्य भारतीय गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उन्होंने रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी और अन्य प्रमुख बल्लेबाजों को आउट कर अफगानिस्तान को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।




### डेब्यू टेस्ट में मानव सुथार बने हीरो

---

एमपीएल टी20 सिंधिया कप 2026 : ग्वालियर शेरनीज को चार विकेट से हराया

# अनुष्का शर्मा की कप्तानी पारी से बुंदेलखंड बुल्स की लगातार जीत

■ इंदौर

आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्यप्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के महिला वर्ग में बुंदेलखंड बुल्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्वालियर शेरनीज को रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हरा दिया। डेली कॉलेज, इंदौर में खेले गए इस मैच में बुंदेलखंड बुल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर शेरनीज ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए।

ग्वालियर शेरनीज की शुरुआत सलामी बल्लेबाज नुजहत परवीन और आशना पाटीदार ने करते हुए पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े, हालांकि आशना 15 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद नुजहत परवीन ने सौम्या तिवारी के साथ मिलकर 41 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम की पारी को आगे बढ़ाया। कप्तान नुजहत के 45 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट होने के बाद शेरनीज की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। बुंदेलखंड बुल्स की ओर से शुचि उपाध्याय ने 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि मुस्कान बिस्वास ने 17 रन देकर 2 विकेट चटकाए। पायल बाल्मिक ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 1 विकेट लिया।



### बुंदेलखंड बुल्स की शुरुआत अच्छी नहीं

118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुंदेलखंड बुल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 31 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद कप्तान अनुष्का शर्मा और सुहानी शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 49 रनों की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। सुहानी ने 19 गेंदों में 25 रनों की उपयोगी पारी खेली। दूसरे छोर पर अनुष्का शर्मा ने जिम्मेदारी संभालते हुए संयमित बल्लेबाजी जारी रखी और टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। मैच का रोमांच 17वें ओवर में और बढ़ गया, जब माही ठाकुर आउट होती नजर आईं, लेकिन गेंद नो-बॉल घोषित होने से उन्हें जीवनदान मिल गया। इस मौके का फायदा उठाते हुए माही ठाकुर ने 18 गेंदों में महत्वपूर्ण 16 रन जोड़े। अनुष्का शर्मा अंत तक नाबाद रहीं और अपनी टीम को जीत दिलाकर लौटीं। अनुष्का ने 49 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और इसी प्रदर्शन के दम पर उन्होंने ऑरेंज कैप भी अपने नाम कर ली। अब उनके नाम तीन मैचों में कुल 140 रन दर्ज हो चुके हैं।

# ब्राजील ने अमेरिका की महिला सॉकर टीम को 2-1 से हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील की महिला सॉकर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की महिला राष्ट्रीय सॉकर टीम (यूएसडब्ल्यूएनटी) को 2-1 से हराया। मुकाबले में सोफिया विल्सन ने शुरुआत में ही गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन ताइना मारान्हाओ और बिया जानेराटो के तेजी से किए गए दो गोल ने मेजबान टीम को अमेरिका के खिलाफ 44 मैचों में अपनी पांचवीं जीत दिला दी।



---

उलानबतोर ओपन

# तीसरे दिन भारतीय पहलवानों ने जीते दो स्वर्ण सहित छह पदक






■ उलानबतोर (मंगोलिया)

सागर जगलान और टीनएजर काजल ढोचक ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के तीसरे दिन स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहवानों ने इस दिन दो स्वर्ण सहित छह पदक अपने नाम किए।

मुकाबले में 21 साल के सागर जगलान ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 74 किग्रा वर्ग के फाइनल में तामिर एशिनिमाएव को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, 22 साल के जयदीप ने रेपचेज के जरिए वापसी की और मेडल मुकाबले में मुंखबात को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 15-4 से हराकर कांस्य पदक जीता।

महिलाओं की रेसलिंग में, अंडर 23 एशियाई चैंपियन काजल ने 76 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने फाइनल में नाइजीरिया की डमोला ओजो (जो एक अफ्रीकन चैंपियन हैं) को 8-0 से हराया। एशियाई खेलों में जाने वाली रेसलर प्रिया मलिक ने इसी कैटेगरी में मंगोलिया की तुवशिनजार्गल ताराव को 8-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय हंसिका लांबा ने महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की अरिउनज़ाया ओडोनचिमेग के खिलाफ़ 10-0 से 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' (तकनीकी श्रेष्ठता) के आधार पर जीत हासिल करके कांस्य पदक जीता। वहीं मानसी अहलावत ने भी महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में कांस्य जीता। 25 वर्षीय भारतीय रेसलर ने अपनी ही देश की नितिका को 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर 10-0 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई।

---

न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन : बाधा दौड़ में तेजस को मिला रजत

# भारतीय महिला टीम ने रिले रेस में जीता स्वर्ण

■ नई दिल्ली

भारत की महिला 4×100 मीटर रिले टीम ने न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर श्रेणी की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। श्राबनी नंदा, एस.एस. स्नेहा, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना की चौकड़ी ने ताइवान के बानकियाओ स्टेडियम में शानदार 44.07 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम पर टॉप किया। इस दौरान, भारतीय टीम ने पिछला मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया और वियतनाम पर 0.31 सेकेंड के आसान अंतर से जीत हासिल की। वियतनाम दूसरे स्थान पर रहा। रिले में जीत के अलावा, भारत की शैली सिंह ने महिलाओं की लंबी कूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। शैली ने 6.24 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया और अपने प्रतियोगी से आगे रहीं।




### तेजस राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नहीं कर पाए क्वालिफाई

भारत के तेजस शिरसे ने भी ट्रैक पर प्रभावित किया और मेन्स 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। कड़े मुकाबले के बीच तेजस ने बेहतरीन दौड़ लगाई और दूसरे स्थान पर रहे।




---




# अभ्यास मैच में मेसी के बिना अर्जेंटीना ने होंडुरास को हराया

■ कॉलेज स्टेशन (अमेरिका)

कप्तान लियोनेल मेसी बेंच पर बैठे रहे और अर्जेंटीना ने अभ्यास मैच में होंडुरास पर 2-0 से जीत के साथ अपनी विश्वकप की तैयारी जारी रखी। मेसी, जो अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों की थकान से उबर रहे हैं, ने काइल मैदान में अभ्यास में हिस्सा लिया, लेकिन शनिवार को लौटारो मार्टिनेज और गिउलिआनो सिमोन के गोल से मिली आसान जीत को बाहर से देखा। उम्मीद है कि मेसी 16 जून को कैनसस सिटी में अल्जीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना के शुरुआती विश्व कप ग्रुप मैच के लिए फिट हो जाएंगे। आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता ही डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन के लिए चोट की एकमात्र चिंता नहीं हैं।



---

## नेमार ने वर्ल्ड कप से विदाई का संकेत दिया

न्यू जर्सी। ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार ने संकेत दिया है कि गुरुवार से शुरू होने वाला फीफा वर्ल्ड कप उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप होगा। 34 साल के खिलाड़ी ने फीफा के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में यह बात कही। इस पोस्ट में नेमार के करियर की तस्वीरें थीं और साथ में लिखा था, 'हमने उन्हें बड़े होते देखा है। 'सैंटोस के इस अटैकर ने कमेंट सेक्शन में जवाब दिया, 'द लास्ट डांस' (आखिरी डांस)। यह फ्रेज एनबीए के दिग्गज खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के 1997-98 में शिकागो बुल्स के साथ खेले गए आखिरी सीजन से जुड़ा है। नेमार ने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं और ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, अक्टूबर 2023 में 'एंटीरियर क्रू सिएट लिगामेंट' (एसीएल) फटने की चोट के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।